RNI NO. CHHHIN/2022/83778

# न्यूज रूटीन

मासिक, बलौदाबाजार से प्रकाशित

वर्ष : 02 अंक : 08 | मासिक, बलौदाबाजार, अगस्त 2023 | E-mail: newsroutine6@gmail.com | पृष्ठ : 16 | मूल्य : 15 रू.

# मुख्यमंत्री निवास में धूमधाम से मनाया गया हरेली तिहार



## मुख्यमंत्री ने सपरिवार हरेली तिहार में की पूजा-अर्चना

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अपने निवास कार्यालय में परंपरागत रूप से छत्तीसगढ़ का पहला त्यौहार हरेली परिवार व आमजनों संग धूमधाम से मनाया। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने धर्मपत्नी श्रीमती मुक्तेश्वरी बघेल एवं परिजनों के साथ विधिवत रूप से ग्राम देवी-देवताओं, तुलसी माता, नांगर, कृषि उपकरणों, गेड़ी और गौमाता की पूजा कर अच्छी फसल, किसानों और प्रदेशवासियों की सुख समृद्धि और खुशहाली की कामना की।

हरेली तिहार के लिए मुख्यमंत्री निवास को पूरी तरह ग्रामीण परिवेश से सजाया गया था। जहां चारो-ओर छत्तीसगढ़ी संस्कृति की छटा दिख रही थी। छत्तीसगढ़ी संगीत, लोकनृत्य, पारंपरिक गड़वा बाजा, राउत नाचा, गेड़ी नृत्य, रहचुली और विभिन्न छत्तीसगढ़ी पकवानों और व्यंजनों के आनंद के साथ मुख्यमंत्री निवास में मौजूद लोग उत्साह के साथ हरेली में शामिल हुए। इसके साथ-साथ पशुधन विकास विभाग द्वारा विभिन्न डेयरी उत्पादों तथा पशु आहार पर आधारित प्रदर्शनी लगाई गई। परंपरागत कृषि उपकरणों का स्टॉल लोगों को खूब भाया और लोग खेती-किसानी के पुराने दिनों को याद करने लगे। इस अवसर पर लोक कलाकारों द्वारा राउत नाचा और गेड़ी चढ़कर नृत्य की प्रस्तति भी दी गई। राउत नाचा के कलाकारों के आग्रह पर मुख्यमंत्री ने छत्तीसगढ़ी पारंपरिक वेशभूषा पहनकर उनका उत्साह बढ़ाया।

### नातिन के साथ मुख्यमंत्री ने रहचुली का लिया आनंद

मुख्यमंत्री आवास हरेली ग्राउंड मेला जैसा लग रहा था। लोक संस्कृति की अनूठी झलक दिख रही थी। मुख्यमंत्री ने अपनी बेटी और नातिन के साथ रहचुली झूले का आनंद लिया। इस दौरान उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने भी रहचुली का आनंद लिया।

### गेड़ी चढ़कर सरपट चले मुख्यमंत्री

छत्तीसगढ़ में हरेली तिहार पर गेड़ी चढ़ने की पुरानी परंपरा है। मुख्यमंत्री श्री बघेल गेड़ी चढ़कर सरपट चले और बरसों पुरानी यह परंपरा निभाई। मुख्यमंत्री उसी तरह से उत्साह और ऊर्जा से भरपूर नजर आ रहे थे। जैसे कोई किशोर हरेली के मौके पर गेड़ी चढ़कर अपनी खुशी जाहिर करता है।

### मुख्यमंत्री ने विभिन्न विभागों के स्टॉलों का किया अवलोकन

मुख्यमंत्री निवास में आयोजित हरेली तिहार में कृषि एवं पशुधन विभाग द्वारा डेयरी उत्पादों तथा परंपरागत कृषि उपकरणों पर आधारित स्टॉल लगाए गए। मुख्यमंत्री ने स्टॉलों का अवलोकन किया और किसानों की आय बढ़ाने के लिए पशुधन विभाग के नवाचारी प्रयासों की सराहना की। स्टॉल में मुख्य रूप से डेयरी उत्पाद और पशु आहार रखा गया था। इसके बाद मुख्यमंत्री ने कृषि उपकरणों के स्टॉल को देखा जहां परंपरागत रूप से कृषि व घरेलू कार्यों में उपयोग होने वाले रापा, दतारी, कोपर, ढेकी, टंगिया, सूपा, जाता, झउहा, परासी और हंसिया आदि प्रदर्शन के लिए रखे गए थे। मुख्यमंत्री ने इस दौरान कहा कि अच्छी पहल है। तकनीकी के इस दौर में आज के युवा भी पुरानी कृषि औजारों और उपकरणों को जान पाएंगे। उन्हें पता चलेगा कि यह केवल खेती से जुड़ा नहीं है बल्कि इसका संबंध हमारी संस्कृति और परंपरा से जुड़ी है।

इस अवसर पर संस्कृति मंत्री श्री अमरजीत भगत, गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष महंत राम सुंदर दास, विधायक सत्यनारायण शर्मा, कुलदीप जुनेजा, रामपुकार सिंह, मुख्यमंत्री के सलाहकार प्रदीप शर्मा, खनिज विकास निगम के अध्यक्ष गिरिश देवांगन, राज्य महिला आयोग के अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक, शाकम्भरी बोर्ड के अध्यक्ष रामकुमार पटेल, छत्तीसगढ़ राज्य उद्योग विकास निगम के अध्यक्ष नंदकुमार साय, अल्प संख्यक आयोग के अध्यक्ष श्री महेंद्र छाबड़ा, सिरपुर विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष सतीश जग्गी, तेलघानी बोर्ड के अध्यक्ष संदीप साहू, कृषि उत्पादन आयुक्त डॉ कमलप्रीत सिंह सहित कृषि, संस्कृति व पशुधन विकास विभाग के अधिकारी-कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित थे।

# प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रायपुर में 7600 करोड़ रूपए से अधिक लागत की विभिन्न विकास परियोजनाओं का लोकार्पण, शिलान्यास और शुभारंभ किया

**रायपुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, एनसीसी ग्राउंड में आयोजित समारोह में 7600 से अधिक लागत की विभिन्न विकास परियोजनाओं का लोकार्पण-शिलान्यास और शुभारंभ किया।



मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ नवोदित राज्य है, इसलिए छत्तीसगढ़ को ज्यादा से ज्यादा मदद केन्द्र से मिलनी चाहिए। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का स्वागत करते हुए कहा कि यह हमारे लिए बहुत खुशी की बात है कि हमारे प्रधानमंत्री छत्तीसगढ़ के दौरे पर आये हैं। प्रभु श्रीराम के ननिहाल और माता कौशल्या की भूमि में मैं उनका स्वागत करता हूं। प्रधानमंत्री से हम अनेक मंचों में मिलते हैं और नीति आयोग आदि की बैठकों में मिलते हैं। हम मांगे भी करते हैं लेकिन उन्हें और दोहराना नहीं चाहता। मैं गडकरी जी के साथ भी बैठता हूँ जितना मांगते हैं उससे ज्यादा ही देते हैं। मुख्यमंत्री ने इसके पहले प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के हेलीपेड पहुंचने पर उनकी अगवानी की तथा समारोह के मंच पर उन्हें राजकीय गमछा पहनाकर और मिलेट्स से बने उत्पाद भेंटकर उनका स्वागत किया।

इस अवसर पर छत्तीसगढ़ के राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री श्री नितिन गडकरी, केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया, छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री टी.एस. सिंहदेव, केन्द्रीय जनजातीय कार्य मंत्री श्रीमती रेणुका सिंह, छत्तीसगढ़ के गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू, विधानसभा नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल, लोकसभा सांसद अरूण साव और सुनील सोनी, विधायक डॉ. रमन सिंह सहित अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

समारोह में प्रधानमंत्री श्री मोदी ने लगभग 7600 करोड़ रूपए की लागत की 10 परियोजनाओं का लोकार्पण, शिलान्यास और शुभारंभ किया। उन्होंने इनमें से राष्ट्रीय राजमार्ग से संबंधित लगभग 6,400 करोड़ रूपए की लागत की पांच परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। जिन दो परियोजनाओं का लोकार्पण किया गया, उनमें जबलपुर-जगदलपुर राष्ट्रीय राजमार्ग के रायपुर-कोडेबोड़ खंड की 988 करोड़ रूपए की लागत से निर्मित 33 कि.मी. लंबी 4 लेन वाली सड़क और एनएच-130 के बिलासपुर-अंबिकापुर खंड के 1261 करोड़ रूपए की लागत से निर्मित 53 किलोमीटर लंबे बिलासपुर-पथरापाली खंड पर निर्मित 4-लेन की सड़क का लोकार्पण शामिल है।

# छ.ग.राज्य महिला आयोग ने सामाजिक बहिष्कार मामले में धारा 7 के तहत थाना बलौदाबाजार में अपराध दर्ज करने की अनुशंसा




**बलौदाबाजार।** छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग ने सामाजिक बहिष्कार के एक प्रकरण की सुनवाई करते हुए धारा 7 के तहत सभी अनावेदक गण के विरूद्ध थाना बलौदाबाजार में अपराध दर्ज करने की अनुशंसा की ताकि समाज में किसी भी तरह का सामाजिक बहिष्कार पर स्थाई रूप से रोक लगाई जा सके। छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ.किरणमयी नायक की अध्यक्षता में सोमवार को प्रदेश स्तर में 208 वीं एवं जिला स्तर में 5 वीं नम्बर की जन सुनवाई हुई। जन सुनवाई के दौरान आयोग की सदस्य डॉ अनिता रावटे सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। जन सुनवाई में कुल 41 प्रकरण रखे गये थे जिसमें से 22 प्रकरण नस्तीबद्ध हुए, 06 प्रकरण रायपुर स्थानांतरण किया गया एवं 01 प्रकरण डी.एस.पी.बलौदाबाजार को जांच हेतु दिया गया।प्रकरण के दौरान आवेदिका ने बताया कि मामला सामाजिक बहिष्कार का है और उसे समाज से छोड़ दिया गया है। आयोग द्वारा कुछ अनावेदकगणों की उपस्थिति के कारण प्रकरण रायपुर सुनवाई के लिए रखा गया। अगले सुनवाई में मुख्य अनावेदक और सामाजिक पदाधिकारियों को बुला कर रायपुर में सुनवाई की जायेगी। एक अन्य प्रकरण में आवेदिका द्वारा सामाजिक बहिष्कार का शिकायत दर्ज कराया गया था। जिसमें पूर्व में सुनवाई के दौरान अनावेदकगणों ने समाज में मिलाने की बात आयोग की सुनवाई के दौरान कबूल किया था जिसमें आयोग द्वारा टीम का गठन किया गया था। जिसमें जिला सरंक्षण अधिकारी एवं सखी केन्द्र प्रशासक को उभय पक्ष के गांव भेजा गया था जिसमें मौके पर जा कर गत दिनांक 20.09.2022 को प्रक्रिया का निष्पादन करना था। लेकिन अनावेदक सरपंच के द्वारा कार्यवाही में व्यवधान डाला गया और सखी केन्द्र प्रशासक और संरक्षण अधिकारी के साथ दुर्व्यवहार किया गया और हस्ताक्षर करने से मना किया गया। सामाजिक बहिष्कार करने की घोषणा गांव में नही करेंगे इस पूरे प्रकरण में सरपंच, पंच एवं अन्य 06 अनावेदकगणों के द्वारा व्यवधान डाला गया और आवेदिका का सामाजिक बहिष्कार समाप्त नहीं किया गया। सामाजिक बहिष्कार धारा 7 नागरिक अधिकारी संरक्षण अधिनियम के तहत भारतीय दण्ड संहिता में अपराध की श्रेणी में आता है। आवेदिका को संवैधानिक अधिकार से अनावेदकगण द्वारा विरक्त किया जा रहा था। धारा 7 के तहत सभी अनावेदकगण के विरूद्ध थाना बलौदाबाजार में अपराध दर्ज करने के लिए आयोग ने अनुशंसा की ताकि समाज में किसी भी तरह का समाजिक बहिष्कार पर स्थाई रूप से रोक लगाई जा सके। अन्य प्रकरण में आवेदिका द्वारा मानसिक प्रताडना का प्रकरण प्रस्तुत किया गया था आवेदिका 90 प्रतिशत विकलांग है एवं कृषि विभाग में सहायक सांख्यिकी के पद में लगभग 07 - 08 साल से कार्यरत हैं। उनकी दिव्यांगता के कारण कई कार्य जैसे तेजी से चलना, सारी फाईले हाथ में उठाना सामान्य लोगों की तरह नहीं कर सकती हैं। लेकिन इसके बावजूद सामान्य व्यक्ति की तरह अपनी जिम्मेदारी पूरा करती हैं। अनावेदक शिकायत के समय प्रभारी उप ।संचालक कृषि के पद पर पदस्थ थे उनके द्वारा शासकीय कार्यो का विभाजन किया गया था जिसमें आवेदिका को असुविधा हो रही थी। शासकीय कार्य के मीटिंग के दौरान कही गई बातों से आवेदिका को ऐसा लगा कि केवल उसे टारगेट कर सारी बात कही गई है। उभय पक्ष को विस्तार से सुनने के बाद आयोग द्वारा समझाईस दिये जाने पर अनावेदक ने आवेदिका के प्रति हुए व्यवहार के प्रति खेद व्यक्त किया। आयोग की अध्यक्ष डॉ.किरणमयी नायक द्वारा कहा गया कि सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को इस प्रकरण के माध्यम से समझाईश दिया जाता है कि दिव्यांग कर्मचारियों के साथ संवेदन शीलता के साथ पेश आये ताकि वो समाज की मुख्य धारा के साथ आत्मसम्मान के साथ अपने कार्य को कर सके।

अन्य प्रकरण में आवेदिका के पति ने दुकान मालिक का दुकान किराये पर लिया है जिसमें किराये की दुकान का पगड़ी की राशि वापस लेने प्रकरण प्रस्तुत किया था। अनावेदक पक्ष ने उसकी दुकान के सामने लकड़ी के गठ्ठे का ढेर लगा रखा है और वो दुकान भी नहीं लगा पा रही है। इसके कारण 02 वर्ष से अधिक समय तक आवेदिका दुकान का उपयोग नहीं कर पा रही है जिसमें उसका कॉस्मेटिक समान रखे रखे खराब हो चुका है। अनावेदक ने प्रस्ताव रखा कि वे 30000 आवेदिका को देने तैयार है उसे दुकान को खाली करा कर कब्जा दिला दिया जाये अनावेदक के प्रस्ताव पर आवेदिका ने सहमति जताई। आयोग के समक्ष अनावेदक ने आवेदिका को नगद 30000 रूपये दिये ।आयोग द्वारा जिला कार्यक्रम अधिकारी, संरक्षण अधिकारी, सखी वन स्टॉप सेंटर की प्रभारी एवं पुलिस के टीम का गठन किया जो शनिवार दोपहर 12ः00 बजे दुकान का ताला खोलेंगे और सामान खाली करा कर ताला लगा कर अनावेदक को सौंपेंगे जिसकी रिपोर्ट प्रस्तुत करने के बाद आयोग द्वारा प्रकरण नस्तीबद्ध किया जायेगा। अन्य प्रकरण में आवेदिका अपने पति की मृत्यु हो जाने के बाद ससुराल से भरण - पोषण का शिकायत दर्ज कराई थी। अनावेदक सीएसपीडीसीएल पलारी में लाईन मेन के पद पर कार्यरत अनावेदक को 93 हजार रूपये वेतन मिलता है,ओवेदिका का पति अनावेदक का बड़ा बेटा था जिसके दो बच्चे 11वीं एवं 8 वीं पढ़ते है अनावेदक अपना पूरा सम्पत्ति बेच रहा है और दूसरी शादी कर चुका है। आवेदिका को सम्पत्ति में कोई हक नहीं दे रहा है। आयोग ने समझाईश दी आवेदिका को अधिकार है कि वह अपने बच्चों की सम्पत्ति में हक व अधिकार पाने के लिए कार्यवाही करा सकती है। इस हेतु अनावेदक के कार्यालय में पत्र लिखा जा कर उसके नाबालिक बच्चें के लिए भरण - पोषण का अधिकार रखती है और अनावेदक की सम्पत्ति में बिक्री करने पर रोक लगा सकती है। इस हेतु आयोग द्वारा दोनो विभागों को पत्र भेजा जायेगा। एक अन्य प्रकरण में आवेदिका की बेटी जो अनावेदक की पत्नी है जिसकी दुर्घटना हो जाने के बाद 18 दिनों तक इलाज चलने के बाद मृत्यु हो गई जिसमें गाडी चालक के खिलाफ थाना में मुकदमा दर्ज कराया गया और अब तक दोनों पक्षों ने क्लेम नहीं किया है। अनावेदक ने अब तक शादी का समान नहीं दिया। अनावेदक रविवार 27 अगस्त को आवेदिका के घर जाकर शादी का पूरा सामान वापस करेगा। आवेदक गांव के सरपंच की उपस्थिति में सूची अनुसार सामान देकर आवेदिका पक्ष से उसकी पावती लेगा। पावती आयोग में जमा होने पर प्रकरण नस्तीबद्ध किया जायेगा। एक अन्य प्रकरण में आवेदिका द्वारा अपनी पुत्री की गुमशुदगी का प्रकरण दर्ज कराया गया है। रिपोर्ट थाने में हो चुका है 03 माह से बेटी नहीं मिली है। इस प्रकरण की जानकारी डी.एस.पी. बलौदाबाजार को दिया गया तथा 02 माह का समय दिया गया। गुम लड़की के बरामदगी के लिए प्रयास कर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करने आयोग द्वारा निर्देशित किया गया।

# समय सीमा की बैठक में कलेक्टर ने की विभागीय कार्यों की समीक्षा



**जांजगीर-चांपा।** कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने समय सीमा बैठक में शासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं में प्रगति तथा समय-सीमा सहित अन्य प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा की। कलेक्टर ने जिले में प्रारंभ किए गए ''युवोदय हसदेव के हीरो'' कार्यक्रम में वालंटियर के रूप में युवाओं को ज्यादा से ज्यादा जोड़ने हेतु वर्कशॉप करने एवं विभागीय योजनाओं का उन्हें जानकारी देने के निर्देश दिए ताकि शिक्षा, स्वास्थ्य एवं अन्य क्षेत्रों में उनकी भागीदारी सुनिश्चित हो सके। कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों को अपने हल्के के गांवों में खेतो पर पहुंचकर गिरदावरी के कार्यों का निरीक्षण करने तथा त्रुटिरहित गिरदावरी करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने जिले में आवारा पशुओं में किए गए रेडियम बेल्ट और टैगिंग के कार्यों की जानकारी लेते हुए यह कार्य निरंतर जारी रखने कहा। उन्होंने आवारा व घुमंतू पशुओं को सड़कों से हटाने के लिए आवश्यक कार्रवाई करने पशुधन विकास विभाग सहित संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। कलेक्टर ने आगामी विधानसभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत निर्वाचन नामावली में मतदाताओं के नाम जोड़ने और हटाने का कार्य सतर्कता से करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए हैं। इसके अलावा उन्होंने जेंडर रेसियो सुधार करने, न्यूनतम जेंडर रेसियो वाले क्षेत्रों में विशेष ध्यान देने तथा 18 वर्ष पूर्ण कर चुके युवाओं, महिलाओं व थर्ड जेंडर का नाम मतदाता सूची में शतप्रतिशत जोड़ने कहा। उन्होंने शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से मतदाता जागरूकता कार्यक्रम स्वीप के तहत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने जिले में निर्माण कार्यों के प्रगति की समीक्षा करते हुए सभी प्रगतिरत निर्माण कार्यों को तेजी से और समय सीमा में पूर्ण करने संबंधित विभाग को निर्देश दिए। कलेक्टर ने गोधन न्याय योजना अंतर्गत कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि जिले के सभी गौठानों अंतर्गत तालाबों में मछली पालन, सामुदायिक बाड़ी विकसित करने के साथ साथ आजीविकामूलक गतिविधियां संचालित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए हैं। उन्होंने गौठानों में गोबर व खाद को बारिश में किसी भी प्रकार की नुकसान न हो इसके लिए आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने कहा। कलेक्टर ने जिले में खाद एवं बीज के वितरण व उपलब्धता की जानकारी लेते हुए संबंधित विभाग को इस वर्ष धान खरीदी के लिए पर्याप्त बारदाने की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों से समय सीमा के बाहर के लंबित प्रकरण, अविवादित नामांतरण, सीमांकन, नक्शा बटांकन, ई-कोर्ट के प्रकरण सहित अन्य राजस्व कार्यों की विस्तार से समीक्षा करते हुए समय सीमा में शीघ्र निराकरण करने निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही बैठक में जिले के विभिन्न विभागों के लंबित प्रकरण, जनदर्शन तथा जनशिकायत के लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए संबंधित विभागों को त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही कलेक्टर ने बैठक में मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना, रीपा के कार्य, पीएम आवास, बेरोजगारी भत्ता, बालवाड़ी, डीएमएफ, अधार सीडिंग, केवाईसी, हमर लैब, मनरेगा, राजस्व प्रकरणों का निराकरण, आयुष्मान कार्ड सहित अन्य निर्माण कार्य तथा विभिन्न विभाग अंतर्गत चल रहे कार्यों की समीक्षा की। बैठक में कलेक्टर ने विभिन्न विभाग अंतर्गत चल रहे विभागीय कार्यों तथा अन्य विभिन्न महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर विस्तार से समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशानिर्देश दिए।

# नवविवाहित वधूओं का सम्मान कार्यक्रम का किया गया आयोजन



**जांजगीर-चांपा।** कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देशन में जिले में संचालित 06 बाल विकास परियोजनाओं (बम्हनीडीह, अकलतरा, बलौदा, पामगढ़, नवागढ़, जांजगीर) में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम (स्वीप) के अंतर्गत नव विवाहित वधूओं का सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिले के 1281ऑगनबाड़ी केन्द्रों में 1771 नव विवाहित वधूओं को श्रीफल देकर सम्मान का किया गया। इसके साथ ही मतदाताओं को जागरूक करते हुए मतदाता एप्प के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। नवीन मतदाता, नव विवाहित वधू एवं महिलाओं को अपने मताधिकार का आवश्यक रूप से उपयोग करना चाहिए एवं किसी भी पात्र मतदाता का एपिक कार्ड नही छूटना चाहिए। खासकर महिलाएं एपिक कार्ड बनवायें। क्योंकि बिना एपिक कार्ड के वे अपने मताधिकार का उपयोग नही कर सकते है। कार्यक्रम में बताया गया कि 01 अक्टूबर 2023 को जिनकी आयु 18 वर्ष पूर्ण हो रही है व 18 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्ति मतदाता सूची में अपना पंजीयन करायें। कार्यक्रमों में मतदान के प्रति जन जागरूकता लाने पर जोर दिया गया। साथ ही बताया गया कि भारत के नागरिक होने के नाते मताधिकार हमारा बहूमूल्य अधिकार एव कर्तव्य है। जिसका उपयोग कर सही व्यक्ति का चुनाव कर सकते है एवं समाज को सकारात्मक दिशा प्रदान कर सकते है। मतदान के प्रति जागरूकता लाने हेतु मेंहदी, रंगोली, रैली भी निकाली गई।

# ग्राम जमगहन में हुआ आयुर्वेद स्वास्थ्य मेला का आयोजन



**मालखरौदा।** आयुर्वेद विभाग के द्वारा विधायक के गृह ग्राम जमगहन में क्षेत्रीय विधायक राम कुमार यादव के मुख्य आतिथ्य में गत दिनों एक दिवसीय विकास खण्ड स्तरीय आयुर्वेद स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य मेले में 367 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर नि- शुल्क औषधियां प्रदान किया गया। इस अवसर पर चंद्रपुर विधायक राम कुमार यादव ने आयुर्वेद विभाग द्वारा संचालित कार्यक्रमो की अनुशंसा करते हुए कहा कि आज आयुर्वेद के सिद्धांतो को अपनाना प्रत्येक व्यक्ति के शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य के लिए अति आवश्यक है। हमें गर्व होना चाहिए कि भारतीय चिकित्सा पद्धति है और यह सभी अन्य चिकित्सा पद्धतियों की जननी है। इस अवसर पर डॉ. प्रकाश सिंह जिला आयुर्वेद अधिकारी जांजगीर-चांपा और डॉ. अनिल पटेल नोडल अधिकारी आयुर्वेद विभाग मालखरौदा,विधायक प्रतिनिधि सुनील चन्द्रा, जनपद पंचायत मालखरौदा के अध्यक्ष श्रीमती लकेश्वरी देवा लहरें,जिला समन्वयक मोनु शर्मा एवं क्षेत्र के जन प्रतिनिधि गण ग्रामवासी सहित विभिन्न स्थानों से आए प्रबुद्ध जन लोग अधिक संख्या में उपस्थिति रहे।



# भुनेश्वर बघेल ने विभिन्न निर्माण कार्य का किया भूमिपूजन, लोकार्पण

**डोंगरगढ़ ।** भुनेश्वर बघेल डोंगरगढ़ विधायक एवं अध्यक्ष अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण छत्तीसगढ़ शासन ने अपने क्षेत्र के ग्राम कुंवारझोरकी में सीसी रोड एवं मंच निर्माण विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। साथ ही भैंसातरा में बतौर मुख्यातिथि के रूप में शामिल हो नवीन पंचायत भवन, आंगनबाड़ी भवन का लोकार्पण किया।

इस दौरान श्री बघेल ने गांव के बुजुर्गों को सॉल व श्रीफल प्रदान कर उनका सम्मान किया। जिसमें विभिन्न स्थानों से पहुंचे क्षेत्र के लोग अधिक संख्या में उपस्थित रहे।

# खाद्य भण्डारों और कृषि केंद्रों को नोटिस

**रायपुर।** कलेक्टर डॉ.सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे के निर्देशानुसार जिले के समस्त उर्वरक/ कीटनाशी निरीक्षकों के द्वारा कीटनाशी/ उर्वरक विक्रय परिसरों का निरीक्षण किया जा रहा है। उर्वरक निरीक्षकों द्वारा खरीफ फसलों के लिए खाद की कमी ना हो इसको ध्यान में रखते हुए उर्वरक का व्यवसाय कर रहे थोक खुदरा विक्रेता एवं सेवा सहकारी समितियों में पीओएस मशीन स्टॉक एवं भौतिक स्टॉक का सत्यापन किया जा रहा है।

साथ ही अमानक उर्वरक एवं कीटनाशक औषधियों का विक्रय पर रोक लगाने के लिए निरंतर कार्यवाही की जा रही है। कृषि विभाग के उप संचालक ने बताया कि डीएच खाद भण्डार पारागांव,



आरंग, मां अंबे कृषि संसार तिल्दा का निरीक्षण द्य किया गया, जिसमें कीटनाशी अधिनियम 1968 एवं 1971 तथा उर्वरक गुण नियंत्रण 1985 के खण्ड 5 और 35 (1) के तहत कारण बताओ नोटिस दिया गया। हर्ष कृषि केन्द्र सिलयारी धरसीवा कीटनाशी अधिनियम 1968 एवं 1971 के तहत कारण बताओ नोटिस दिया गया।

# राज्य सरकार ने आदिवासी समाज के कल्याण के लिए उल्लेखनीय कार्य किए-मंत्री डहरिया

**आरंग।** विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर राजधानी के शहीद स्मारक भवन में विशेष कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसके मुख्य अतिथि नगरीय प्रशासन एवं विकास तथा श्रम विभाग मंत्री डॉ.शिवकुमार डहरिया रहें। इस अवसर पर प्रयास विद्यालय के विभिन्न प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले विद्यार्थियों और राष्ट्रीय - अंतराष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता में स्थान बनाने वाले ताईकान्डों के खिलाड़ियों का सम्मान किया गया। साथ ही छत्तीसगढ़ राज्य अंत्यावसायी सहकारी वित्त एवं विकास निगम द्वारा हितग्राहियों को 60 हजार रूपये की सहायता राशि दी गई। मंत्री डॉ.डहरिया ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विश्व आदिवासी दिवस की शुभकामनाएं दी और कहा




कि आदिवासी प्रकृति पूजक होते है। उनकी परंपराएं पर्व त्यौहारों विशिष्ट पहचान मान्यता है। सन् 1993 में संयुक्त संघ द्वारा विश्व आदिवासी दिवस मनाने की शुरूआत आदिवासियों समाज की संस्कृति को व्यापक रूप से मान्यता दी गई। हमारी सरकार ने आदिवासी समाज के कल्याण के लिए उल्लेखनीय कार्य किए हैं। जिनमें उनके देवगुड़ी निर्माण विकास कार्यों के लिए सहायता राशि दी जा रही है जिसमें बढ़ोत्तरी की गई है। आदिवासी समाज के पर्व और त्योहारों को बढ़ावा देने के लिए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा आदिवासी पर्व सम्मान निधि योजना की शुरुआत की गई है। उन्होंने कहा कि विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर प्रतिवर्ष 9 अगस्त को शासकीय अवकाश देने की घोषणा की गई है ताकि आदिवासी समाज पूर्ण रूप से हर्षोउल्लास के साथ आयोजन में सहभागिता निभा सकें। मंत्री डॉ.शिवकुमार डहरिया ने कहा कि संविधान में आदिवासी समाज के संरक्षण और संवर्धन के लिए विशेष प्रावधान दिए गए है। इसके तहत तमाम अवसर,शिक्षा,रोजगार के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए अधिकार मिले है,इन अधिकारों और अवसरों का उपयोग करना चाहिए। जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती डोमेश्वरी वर्मा और जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अबिनाश मिश्रा ने अपना संबोधन दिया। इस अवसर पर आदिवासी विकास के सहायक आयुक्त तारकेश्वर देवांगन,एडीएम एन.आर साहू और संबंधित अधिकारी - कर्मचारी गण अधिक संख्या में उपस्थित रहे।

संपादकीय

## आजादी को आजादी ही रहने दो

इस वर्ष हम आजादी की 76वीं वर्षगांठ मना रहे हैं। यह वर्ष बुलंद हौंसलों की वो आवाज है जो अंग्रेजी सल्तनत के समय कुचले जाने के कारण भी न दबी, न मरी बल्कि कई जुल्मों को चीरते हुए आज हम तक स्वच्छंद हवा के रूप में हमारी रगों में बह रही है। लेकिन यह हवा आज लगातार जहरीली होती जा रही है। शायद इस हवा में सांस लेने वाले लोग उन लाखों बलिदानियों की शहादत को भूल गए हैं जिन्होंने हमारी आजादी के लिए अपना शरीर, अपना परिवार, अपना बचपन, अपनी जवानी और अपनी रुह तक को न्योछावर कर दिया। आखिर क्यों भूल गए हम कि उन बलिदानियों का कर्ज उतारने की जगह हम वर्तमान में ऐसे गूढ़ा कर्ज लेते जा रहे हैं जिसके लिए हमारा भविष्य हमें कभी माफ नहीं करेगा।

इस गूंगे समाज में हमारे देश की आजादी के लिए सूनी कोख वाली माताओं के लिए शब्द तो अभी भी छन-छन कर ही आते हैं। तभी मणिपुर में निर्वस्त्र उन महिलाओं की कराहना के लिए भी हमारे समाज के कान बहरे हो गए। हालांकि मणिपुर तो एक बहाना है, रोज सड़क, चौराहे, यहां तक कि घर की चार दिवारी में लाखों बेटियों की परतंत्रता का भद्दा मजाक बनाया जाता है और यह मजाक आजादी के नाम पर बड़े-बड़े समारोह की शान बनता हुआ अक्सर देखा जाता है। लेकिन हम शांत हैं क्योंकि हमारी खामोशी, हमारी आजादी को मनाने के लिए बहुत जरूरी है। यह मसला किसी वर्ग विशेष तक सीमित नहीं। घर से निकलते ही सड़क पर हजारों गाड़ियां इस तरह आजादी मना रही होती हैं कि पैदल चलने वाले और पब्लिक ट्रांसपोर्ट में सफर करने वाले स्वयं उनसे अपनी आजादी की भीख मांग रहे होते हैं। वहीं सड़क के दोनों तरफ अपनी खुशी को ढूंढने निकले फल, सब्जी व चाय का ठेला लगाने वाले विक्रेता, स्वयं बड़े-बड़े मॉल से प्रतियोगिता करने के लिए आतुर से दिखते हैं। क्योंकि अगर कोई मॉल से निकल कर उन ठेलों से खरीददारी कर लेता है तो वे स्वयं आजादी को अनुभव करने लग जाते हैं। उनकी वही खुशी उन्हें शिक्षा, स्वास्थ्य और रोटी-कपड़ा-मकान जैसी जरूरतों के लिए मार्ग दिखाती है। निधि शर्मा

इन्हीं लोगों का कोई होनहार बच्चा स्कूल या कॉलेज तक पहुंच भी जाता है तो दिखावटी स्टेटस के चलते स्वयं को उन

# कुर्बानियों से मिली है आजादी



हमारे देश की आजादी ने 76 लंबे साल पूरे किए हैं। यह कालखंड एक विशाल, विराट इतिहास सरीखा है। गुलामी की बेड़ियां और उनकी पीड़ा बहुत पीछे छूट चुका है। आज हमारा लोकतंत्र आजाद है। संविधान स्वतंत्र और भविष्यद्रष्टा है। हमारे अपने मौलिक अधिकार और मूल्य हैं। आज हम मानसिक, भौतिक, सामाजिक, राजनीतिक तौर पर संप्रभु राष्ट्र हैं। संस्कृति और सभ्यता के साथ-साथ एक समृद्ध विरासत, धरोहर भारत ने ही विश्व को दी है, लिहाजा सांस्कृतिक उत्थान में हमारा कोई सानी नहीं है। आज हमारा आसमान और विभिन्न आयाम अनंत और अशेष हैं। हमारी फिजाएं और हवाएं भी अबाध हैं। 15 अगस्त, 1947 को याद करने की जरूरत नहीं है, क्योंकि उस दौर में हम सुई तक बनाने में अक्षम थे। गांव तक बैलगाड़ी या फिर मीलों पैदल चल कर जाना पड़ता था। सड़कें और राजमार्ग स्वप्निल थे। रेलगाड़ी और यातायात के साधन बेहद सीमित थे और पंगु भी साबित होते रहते थे। भारत ऐतिहासिक और सांस्कृतिक अतीत वाला राष्ट्र था, फिर भी उसे गांव, गरीब, गोबर और सांपों वाला देश माना जाता था। हमने परवाह नहीं की। भारत एक भूखंड ही था, जहां निर्जन, बंजर, पठार, जंगल, मरुस्थल असंख्य थे। हमने उन्हें संसाधनों में तबदील किया। आत्म-संतोष यह था कि अब हम स्वतंत्र, संप्रभु और गणतांत्रिक देश होंगे।

उस और आज के कालखंड की तुलना करें, तो खुद से सवाल करना पड़ता है कि अंतरिक्ष, आसमान, समंदर से लेकर जमीन तक कहां नहीं है हिन्दुस्तान? यह बात पुरानी और सियासी-सी लगती है, लेकिन हकीकत है कि आज हम विश्व की 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था हैं और तीसरे स्थान तक का सफर बड़ी तेजी से कम हो रहा है। यह हम आजाद भारतीयों के पुरुषार्थ और मेहनत का ही नतीजा है। आज हम दूध और चीनी के सबसे बड़े उत्पादक और उपभोक्ता देश हैं। गेहूं, चावल, फल, सब्जियों आदि के संदर्भ में दुनिया के दूसरे सबसे बड़े उत्पादक और आपूर्तिकर्ता देश हैं। कभी भारत अकाल और खाद्य-संकट वाला देश था। विदेश से 'लाल गेहूं' का जहाज आता था, तो हमें आटा नसीब होता था। हमारी 'हरित क्रांति' ने भारतीय कृषि की दशा और दिशा ही बदल दी। आज चंद्रमा की ओर हमारा 'चंद्रयान-3 मिशन' बढ़ रहा है, तो रूस का भी मिशन वहां पहुंचने वाला है, जबकि रूस हमसे बहुत आगे है। हमने कई देशों के उपग्रह भी अपने अंतरिक्ष अभियान के साथ भेजे हैं। आज अमरीका, जापान, जर्मनी, फ्रांस, ब्रिटेन की विख्यात बहुराष्ट्रीय कंपनियां हमारी स्वदेशी कंपनियों के समन्वय और सहयोग से, भारत में ही, उत्पादन कर रही हैं। भारत इन देशों का भरोसेमंद रणनीतिक साझेदार भी है। लड़ाकू विमान के सबसे ताकतवर इंजन, सेमीकंडक्टर चिप्स आदि का निर्माण भी अब भारत में ही होगा। कभी हम अमरीका, चीन, सिंगापुर आदि देशों पर आश्रित होते थे। आज भारत आत्म-निर्भरता की ओर बढ़ रहा है। आज हम विमान, मिसाइल, ड्रोन, हेलीकॉप्टर और कई अन्य हथियारों का उत्पादन देश में ही कर रहे हैं और 50 से अधिक देशों को हथियारों का निर्यात भी कर रहे हैं। यह भी आश्चर्य ही है कि करीब 140 करोड़ की आबादी वाले विशाल और विविध देश में अकाल, भुखमरी के कोई आसार तक नहीं हैं। हम सभी ने मिल कर कोरोना वैश्विक महामारी को भी मात दी है। हमारे देशवासियो! यह आजादी बेमिसाल है, अद्भुत और दुर्लभ भी है, लिहाजा हमेशा याद रखें कि आजादी के साथ-साथ देश को विभाजन की विभीषिकाएं, दंश, यंत्रणाएं, अलगाव, विस्थापन के हालात भी झेलने पड़े थे।

लाखों मासूम मारे गए, बेघर हुए, सब कुछ लुट गया, लेकिन भारत को स्वतंत्र देखने का जज्बा निराला था, लिहाजा कुर्बानियां भी फूल-सी लगीं। आज हम मणिपुर, नूंह जैसे हालात देखते हैं, तो भीतर से आर्त्तनाद गूंज उठता है-अरे, हम तो भाई-भाई हैं। इस देश के आजाद नागरिक हैं। एक ही गुलिस्तां के फूल हैं, फिर यह लहू क्यों बहाया जा रहा है? सांप्रदायिक और जातीय दंगे क्यों भड़काए जा रहे हैं? क्यों हत्याएं करने पर हम आमादा हैं? क्या हम अपने ही हिन्दुस्तान के दुश्मन हैं? इन्हें त्याग दो, भाइयो! यह आजादी बेशकीमती है, कुर्बानियों से मिली है, इसे किसी भी कीमत पर खोया नहीं जा सकता। स्वतंत्रता दिवस पर प्रधानमंत्री का संबोधन भी होगा।

# अर्थव्यवस्था के सामने बेरोजगारी की चुनौती?




कृषि अर्थव्यवस्था का इकलौता क्षेत्र है, जो घाटे के बावजूद बंद नहीं होता। यहां श्रमशक्ति का लगभग 45-50 फीसद हिस्सा रोजगार पाता है। कृषि क्षेत्र में ज्यादातर रोजगार मौसमी होते हैं। फिर भी इस क्षेत्र को अधिक प्रोत्साहन और समर्थन दिया जाए तो भारत की बेरोजगारी की समस्या काफी हद तक सुलझ सकती है।

कोई अवस्था लंबी अवधि तक बनी रहे तो उसके प्रति सहज भावना पैदा होने लगती है। यह सहजता धीरे-धीरे स्थायी हो जाती है। एक सीमा के बाद दर्द का अहसास न होना इसी प्रक्रिया का परिणाम है। बेरोजगारी के साथ भी कुछ ऐसा ही प्रतीत होता है। अर्थव्यवस्था में बेरोजगारी का स्थायी भाव अच्छा संकेत नहीं है।

वित्त वर्ष 2022-23 के दौरान मासिक औसत बेरोजगारी दर 7.6 फीसद के उच्चस्तर पर बनी रही। लेकिन कहीं से कोई खास विमर्श का स्वर सुनाई नहीं पड़ा। ऐसा लगता है कि शायद बेरोजगारी का अहसास जाता रहा! यह मानव मन में बेरोजगारी के सहज हो जाने का संकेत है। बेरोजगारी का स्थायी भाव अस्थिरता है। यानी बेरोजगारी जितनी स्थायी होगी, अस्थिरता उतनी ही बढ़ती जाएगी।

अस्थिरता क्या कुछ करती है, बताने की जरूरत नहीं। मनोभावों के बदलने से आंकड़े नहीं बदलते। अलबत्ता आंकड़े मनोभावों को बदल देते हैं। बेरोजगारी का सवाल आंकड़ों से आगे का है और मानव मन आज इसी सवाल में उलझ कर रह गया है। बेरोजगारी के आंकड़े इतने भारी हो गए हैं कि अब इन्हें न तो मानव मन ढो पाने की स्थिति में है, और न अर्थव्यवस्था ही। 'सेंटर फार मानिटरिंग इंडियन इकोनामी' (सीएमआइई) के अनुसार, बीते वित्त वर्ष में उपभोक्ता मनोभाव सूचकांक की औसत मासिक वृद्धि दर 2.68 फीसद रही।

इस धीमी वृद्धि दर का परिणाम है कि उपभोक्ता मनोभाव सूचकांक महामारी से पूर्व के स्तर पर आज तक नहीं पहुंच पाया। मौजूदा वित्त वर्ष के अंत तक भी उस स्तर पर पहुंचने की संभावना कम है। महामारी से ठीक पहले फरवरी 2020 में उपभोक्ता मनोभाव सूचकांक 105.3 पर था, जो मार्च 2023 में 89.18 पर दर्ज किया गया। मानसून पर संभावित अल नीनो प्रभाव और निजी निवेश में अनवरत सुस्ती के मद्देनजर मौजूदा वित्त वर्ष में भी उपभोक्ता मनोभाव सूचकांक का संभवतः यही हाल रहने वाला है।

उपभोक्ता मनोभाव का ऊपर उठना आमदनी पर निर्भर करता है और ऊंची बेरोजगारी दर इसकी संभावना को धूमिल कर देती है। जाहिर है, इसका असर अर्थव्यवस्था पर होगा और अर्थव्यवस्था का असर मानव जीवन पर, सामाजिक ताने-बाने पर। बीते वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में विकास दर घटकर 4.4 फीसद रह गई और चौथी तिमाही में इसके और नीचे जाने की आशंका है।

# कलेक्टर ने बच्ची के आंख की इलाज के लिए चिरायु टीम को दिए निर्देश



**सारंगढ़।** कलेक्टर डॉ.फरिहा आलम सिद्दीकी ने जनदर्शन में आए नागरिकों की समस्याओं के निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को फोन कर आवेदनों में निराकरण के लिए लिखित निर्देश दिया। क

लेक्टर डॉ.सिद्दीकी से कलेक्टोरेट सभाकक्ष में बिलाईगढ़ विकास खंड के ग्राम भोथिडीह के श्यामलाल टंडन ने अपनी पुत्री नेहा टंडन की इलाज डॉ.खूबचंद बघेल स्वास्थ्य सहायता योजना से कराने के लिए निवेदन किया। सारंगढ़ विकास खंड के ग्राम बरभाठा के अक्षय जांगड़े ने अपनी 2 वर्षीय पुत्री के बायां आंख से जन्मजात दिखाई नहीं देने विकृति के इलाज कराने के लिए निवेदन किया। कलेक्टर डॉ. सिद्दीकी के निर्देश पर जिले के चिरायु टीम को बच्ची की जानकारी आधार कार्ड सहित भेजी गई है। इसी प्रकार ग्राम दुर्गापाली के दिव्यांग जगदीश राम खुंटे ने उनको विगत वर्ष आवंटित ट्रायसायकल को प्रदान करने के लिए आवेदन किया, तब कलेक्टर ने समाज कल्याण विभाग के अधिकारी को कोसीर में 24 अगस्त को आयोजित कार्यक्रम में ट्रायसायकल प्रदान करने के लिए कहा। कलेक्टर ने प्रसूति अवकाश का लाभ के लिए प्राप्त आवेदन के निराकरण के लिए श्रम अधिकारी को निर्देश दिया।

जनदर्शन के अन्य आवेदनों में प्राकृतिक आपदा आग से घर का सामान जलने का मुआवजा, विद्युत करंट से हुई मृत्यु का मुआवजा, प्रधानमंत्री फसल बीमा सुरक्षा योजना क्लेम का भुगतान, धान की बिक्री का भुगतान,आंगनबाड़ी सुपरवाइजर की शिकायत,दिव्यांग पेंशन,वृद्धा पेंशन की समस्या के निराकरण के लिए लोगों द्वारा कलेक्टर डॉ.सिद्दीकी से अर्जी की गई।

## सरसीवा को नवीन तहसील बनाएं जाने पर क्षेत्रवासियों ने चंद्रदेव राय व मुख्यमंत्री का जताया आभार




**सरसीवा।** बिलाईगढ़ अनुभाग राजस्व विभाग के तीसरे नवीन तहसील सरसीवां को बनाए जाने पर क्षेत्र वासियों ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एवं चंद्रदेव प्रसाद राय संसदीय सचिव छत्तीसगढ़ शासन का आभार एवं हार्दिक स्वागत वंदन अभिनंदन किया गया। नवीन जिला सारंगढ़ - बिलाईगढ़ से लगे पहले तहसील होंगे सरसीवा।

गत दिनों 20 दिसंबर 2022 को मुख्यमंत्री भेंट मुलाकात कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र के लोगों ने जनपद पंचायत बिलाईगढ़ के सबसे बड़े ग्राम पंचायत सरसीवा को नवीन तहसील बनाने की मांग किया गया था। जो राजस्व प्रबंधन विभाग मंत्रालय रायपुर से 18 अगस्त 2023 को रज्यपत्र में आदेश जारी किए गए। जिसके बाद क्षेत्रीय विधायक एवं संसदीय सचिव चंद्रदेव प्रसाद राय के विधायक कार्यालय सरसीवा पहुंच कर सरसीवा नवीन तहसील में आने वाले ग्राम वासियों ने सौजन्य मुलाकात कर उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी।



## भुनेश्वर बघेल ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डोंगरगढ का किया लोकार्पण

**डोंगरगढ़।** भुनेश्वर बघेल डोंगरगढ़ विधायक एवं अध्यक्ष अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण छत्तीसगढ़ शासन ने अपने क्षेत्र के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डोंगरगढ का किया लोकार्पण। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हो उन्होंने इस दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र परिसर में वृक्षारोपण किया। उपस्थित जन समूह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य केंद्र के खुलने से आस पास के लोगों को और अधिक बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिलेगी। कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी कर्मचारी सहित क्षेत्र के विभिन्न स्थानों से पहुंचे ग्रामीण जन और जन प्रतिनिधि गण अधिक संख्या में उपस्थित रहे।

# पूर्व मंत्री लीलाराम भोजवानी की अंतिम विदाई में शामिल हो डॉ.रमन ने दी श्रद्धांजलि



**राजनांदगांव ।** गत दिनों भाजपा के वरिष्ठ नेता और अविभाजित मध्यप्रदेश के पूर्व मंत्री लीलाराम भोजवानी को अंतिम विदाई देने छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ.रमन सिंह राजनादगांव में मठपारा मुक्तिधाम पहुंचे। इस दौरान उन्होंने मीडिया से बात करते हुए लीलाराम भोजवानी के निधन पर गहरा शोक प्रकट किया। उन्होंने कहा कि हमारे काकाजी लीलाराम भोजवानी का जाना हम सभी के लिए अपूरणीय क्षति है। उन्होंने 60 के दशक में जनसंघ के समय से राजनीति के क्षेत्र में काम किया, बतौर पार्षद से लेकर अविभाजित मध्यप्रदेश में पटवा सरकार में श्रम मंत्री और छत्तीसगढ़ राज्य गठन के बाद छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार में खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति निगम के अध्यक्ष के रूप में प्रदेश के विकास में अपना अहम योगदान दिया। वे 1990 से 1998 में दो बार विधायक रहे और हमेशा आमजनों के हित के लिए काम करते रहे। वर्तमान में पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह राजनांदगांव से विधायक भी हैं और लीलाराम भोजवानी उनके विधायक प्रतिनिधि भी रहे थे। लीला राम भोजवानी की अंतिम विदाई में पूर्व विधान सभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल सहित भाजपा के विभिन्न स्थानों से पहुंचे वरिष्ठ नेता गण अधिक संख्या में शामिल हो उन्हे श्रद्धांजलि अर्पित किया।

# मिसल बंदोबस्त अब मोबाईल पर, रायपुर जिले का आनलाईन पोर्टल शुरू

### 1929 -1945 तक रिकार्ड आनलाईन डाउनलोड कर प्रिंट लिए जा सकेंगे

**रायपुर।** रायपुर जिले वासियों को अब मिसल बंदोबस्त रिकार्ड एक क्लिक पर मोबाईल पर मिल जाएगा। जिला प्रशासन ने रायपुर जिले का मिसल बंदोबस्त आनलाईन पोर्टल शुरू कर दिया है। इस पोर्टल से अब लोग आसानी से अपने जमीनों का रिकार्ड मोबाईल पर ही देख सकते है और उसे डाउनलोड कर सकेंगे। कलेक्टर डॉ.सर्वेश्वर भुरे ने बताया कि लोगों को अपनी कई दस्तावेजी जरूरतों के लिए वर्ष 1929 - 1945 के पुराने मिसल बंदोबस्त रिकार्ड की जरूरत पड़ती है और उन्हें इसके लिए कार्यालय के चक्कर लगाने पड़ते है, परन्तु अब यह रिकार्ड आनलाईन पोर्टल पर उपलब्ध है। लोग इसे अब अपने मोबाईल पर ही देख और डाउनलोड कर सकते है। कलेक्टर ने यह भी बताया कि डाउनलोड किए गए दस्तावेज प्रिंट भी लिए जा सकते है।

### मोबाईल पर ऐसे मिलेंगे मिसल रिकार्ड

मिसल बंदोबस्त रिकार्ड पोर्टल का लिंक https:/revenue.cg.nic.in/missal/ है जिसमें प्रदान की गई व्यवस्था में रिकॉर्ड खोजे ग्राम वार एवं रिकॉर्ड खोजे नाम वार के माध्यम से सामान्य जन अपने कंप्यूटर या मोबाइल के माध्यम से वर्ष 1929-1945 के अपने रिकॉर्ड आसानी से प्राप्त कर सकते है। मिसल बंदोबस्त रिकार्ड ऑनलाइन चेक करने के लिए सबसे पहले आधिकारिक वेबसाइट https:/revenue.cg.nic.in/missal/ पर जाएँ। होम पेज पर आपको पूछी गयी जानकारियों जैसे- जिला, तहसील, राजस्व नंबर,

प.ह.नं, गांव, अभिलेख का चुनाव करें। सभी पूछी गयी जानकारियों को दर्ज कर के खोजें पर क्लिक कर दें। अब आपकी स्क्रीन पर मिसल बंदोबस्त रिकार्ड लिस्ट खुल जाती है। खुले हुए पेज में नाम ढूंढे और उसके आगे सलेक्ट लिखा होगा वहां क्लिक करें। लाभार्थी लिस्ट को डाउनलोड भी कर सकते हैं व प्रिंट के ऑप्शन पर जा कर प्रिंटआउट भी निकाल सकते हैं।

# डॉ अम्बेडकर स्टेडियम बालको में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**कोरबा।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सौरभ कुमार के निर्देशन में जिला नोडल स्वीप व मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत विश्वदीप की उपस्थिति में स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत आज बालको के अम्बेडकर स्टेडियम में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती सीमा पात्रे सहित जनप्रतिनिधि, बालको के अधिकारी-कर्मचारी, श्रमिक, स्कूली छात्र-छात्राएं एवं नागरिकगण उपस्थित थे। मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में स्कूली छात्र-छात्राओं एवं बालको औद्योगिक संस्थान के श्रमिकों ने मानव श्रृंखला का निर्माण कर मतदान करने का संदेश दिया। सीईओ



विश्वदीप ने कार्यक्रम में उपस्थित छात्र-छात्राओं तथा नागरिकों को मतदान के प्रति जागरूकता, मतदान से लोकतंत्र को मजबूत करने की शपथ दिलाई। स्कूली छात्र-छात्राओं ने मतदान जागरूकता संबंधी स्लोगन-छोड़कर अपने सारे काम, सबसे पहले करें मतदान, मोर वोट मोर अधिकार, युवा हो या सियान-सब ला करना हे मतदान की तख्ती लेकर जागरूकता रैली निकाली। सीईओ विश्वदीप ने उपस्थित सभी जन को लोकतंत्र की महत्ता की जानकारी देते हुए बताया कि जनता द्वारा जनता के लिए जनता का शासन ही लोकतंत्र है। किसी भी लोकतंत्र की मजबूती का आधार मतदान है। मतदाता की सक्रिय भागीदारी से देश का लोकतंत्र मजबूत एवं स्थायी बनता है। आप सभी अच्छे मतदाता का परिचय देते हुए लोकतंत्र को मजबूत बनाने में अपनी अहम भूमिका निभाएं। साथ ही किसी भय, प्रलोभन, लालच या बहकावे में आकर मतदान नहीं करें। उन्होंने उपस्थित सभी लोगों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि सभी अपने परिवार सहित आसपास के मतदाताओं को मतदान करने हेतु प्रेरित करें। जिससे वे अपने मताधिकार का उपयोग कर देश के प्रति कर्तव्यों का निर्वहन कर सके एवं लोकतंत्र की मजबूती मे भागीदार बने। उन्होंने सभी को आधुनिक दृष्टिकोण अपनाने एवं अपने मत को व्यर्थ न जाने देकर राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान देने हेतु प्रेरित किया। सीईओ श्री विश्वदीप ने उपस्थित सभी नागरिकों को एकीकृत मतदाता सूची के प्रारंभिक प्रकाशन के संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए मतदाता सूची में नाम जुड़वाने, हटवाने, स्थानांतरित करवाने हेतु उपयोग में आने वाले आवेदन फार्म-6, फार्म-7, फार्म-8 की उपयोगिता बताई। साथ ही उपस्थित सभी लोगों को विधानसभा निर्वाचन 2023 संबंधी संकल्प पत्र का वाचन कर संकल्प दिलाया।



## नगर पंचायत भटगांव तहसील परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम

**भटगांव।** नवीन जिला सारंगढ़ के बिलाईगढ़ विधानसभा क्षेत्र के नगर पंचायत भटगांव तहसील कार्यालय परिसर में तहसीलदार अर्पण कुर्रे एवं पटवारी संघ और कोटवार संघ,भटगांव अधिवक्ता संघ और अन्य लोगों की सहयोग से वृक्षारोपण किया गया। सभी ने पर्यावरण को प्रदूषण मुक्त बनाने का संकल्प लिया। वृक्षारोपण कार्यक्रम में विशेष रूप से फिरीत लाल खटकर पूर्व जनपद पंचायत सदस्य एवं अधिवक्ता, जिला सचिव अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ, जिला संयुक्त सचिव विधि प्रकोष्ठ कांग्रेस बलौदा बाजार छत्तीसगढ़ ने उपस्थित हो कर अपना विशेष योगदान दिया।

## फुलझर ब्लड फाउंडेशन ने 44 यूनिट रक्तदान कर मनाया आजादी का अमृत महोत्सव

**सराइपाली।** वैसे तो सरायपाली ही नहीं बल्कि छत्तीसगढ़ के साथ पूरे भारत में काफी चर्चित है फुलझर फाउंडेशन आज इनका एक मिशन भी चल रहा है हर घर रक्तदाता - घर घर रक्तदाता जिसमे वह सफल होते आ रहे हैं।

बताते हुए बहुत खुशी हो रही है कि सरायपाली क्षेत्र के अधिकतर गांवों में फुलझर फाउंडेशन के रक्तदाता है, जिसमे कभी भी रक्त की जरूरत होने पर देर न करते हुए तुरंत सामर्थ ब्लड बैंक सरायपाली पहुंच कर रक्तदान कराते हैं। इसी कड़ी में स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त को अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य पर क्षेत्र में रक्त की कमी को देखते हुए फाउंडेशन




के संचालकों ने विचार कर रक्तदान शिविर का आयोजन किया। जिसमें 44 यूनिट रक्तदान हुआ,साथ ही संस्थापक लोकनाथ पटेल ने कहा हमारे बसना,सरायपाली,और सारंगढ़ में बहुत से ऐसे हॉस्पिटल है जहां मरीजों की संख्या ज्यादा हैं, वही संरक्षक प्रवीन प्रधान द्वारा रक्तदान शिविर करने का विचार बनाया और सभी को रक्तदान के लिए प्रेरित कर सम्मान के साथ हमारे संस्था से जुड़कर लोगो की मदद करने की अपील किया।

# जिला कलेक्टोरेट में जिला स्तरीय विश्व आदिवासी दिवस का आयोजन

**मुंगेली।** 'विश्व आदिवासी दिवस' के अवसर पर जिला कलेक्टोरट परिसर स्थित जनदर्शन कक्ष में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान लोरमी विकासखण्ड अंतर्गत अचानकमार क्षेत्र के सुदूर वनांचल ग्राम पंचायत अचानकमार, सुरही, निवासखार और झिरिया को कुल 6559.817 हेक्टेयर रकबा का सामुदायिक वन संसाधन अधिकार पत्र तथा 09 हितग्राहियों को कुल 12.861 हेक्टेयर रकबा का व्यक्तिगत वन अधिकार पत्र प्रदान किया गया एवं ग्राम बिजराकछार को वन अधिकार अधिनियम के सभी घटकों के बेहतर क्रियान्वयन करने पर आदर्श ग्राम घोषित किया गया।



जिला स्तरीय कार्यक्रम में उद्यान विभाग द्वारा सुदूर वनांचल क्षेत्र के 30 बैगा हितग्राहियों को सब्जी मिनी किट व फलदार पौधे आम, कटहल, अमरूद, सीताफल, जामुन, करौंदा प्रदाय किया गया। एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय बंधवा के 03 आदिवासी विद्यार्थियों को कक्षा 10वीं बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने और कक्षा 10वीं के 01 विद्यार्थी को राष्ट्रीय क्रीड़ा प्रतियागिता में कास्य पदक प्राप्त करने पर प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही अनुसूचित जनजाति स्माल बिजनेस योजनांतर्गत एक हितग्राही को 01 लाख रूपए का चेक और स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल मोतिमपुर-अमरटापू में व्याख्याता, शिक्षक, सहायक शिक्षक के संविदा भर्ती में 15 चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र भी प्रदाय किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ छत्तीसगढ़ महतारी की छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर तथा राज्यगीत के साथ किया गया। इस अवसर पर लोरमी विधानसभा क्षेत्र के विधायक धर्मजीत सिंह, मुंगेली विधानसभा क्षेत्र के विधायक पुन्नूलाल मोहले, राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष थानेश्वर साहू, जिला पंचायत अध्यक्ष लेखनी सोनू चंद्राकर, नगरपालिका परिषद मुंगेली के अध्यक्ष हेमेन्द्र गोस्वामी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलेवासियों को विश्व आदिवासी दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि जल, जंगल, जमीन पर आदिवासियों का पहला अधिकार है। हमें संकल्पित होकर आदिवासी भाई-बहनों के हितों के लिए कार्य किया जाना चाहिए।

कलेक्टर राहुल देव ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मंशानुरूप आदिवासी वर्ग के सामाजिक, आर्थिक, शैक्षणिक विकास के लिए जिला प्रशासन प्रतिबद्ध है। उन्होंने आदिवासियों के उत्थान के लिए जिले में किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी। इस अवसर पर वन मंडलाधिकारी सत्यदेव शर्मा, मुंगेली एसडीएम सुश्री आकांक्षा शिक्षा खलखो, अपर कलेक्टर विजेन्द्र पाटले, छत्तीसगढ़ अनुसूचित जाति प्राधिकरण की सदस्य सुश्री रत्नावली कौशल, आदर्श कृषि उपज मंडी मुंगेली के अध्यक्ष आत्मा सिंह क्षत्रिय, जिला पंचायत सदस्य वशी उल्लाह खान, छत्तीसगढ़ श्रम कल्याण मंडल की सदस्य श्रीमती अम्बालिका साहू, छत्तीसगढ़ मछुआ कल्याण बोर्ड के सदस्य श्री प्रभु मल्लाह, छत्तीसगढ ऊर्दू अकादमी बोर्ड के सदस्य एजाज खोखर, गणमान्य नागरिक सागर सिंह बैस, रूपलाल कोसरे सहित अन्य गणमान्य नागरिकगण, संबंधित विभाग के अधिकारी-कर्मचारी और बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# बलौदाबाजार में मनाया गया विश्व आदिवासी दिवस

**बलौदाबाजार।** विश्व आदिवासी दिवस कांग्रेस सरकार के तत्वावधान में विश्व आदिवासी दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर नगर भवन जिला बलौदा बाजार में आदिवासियों की बड़ी सभा का आयोजन किया गया। सभा में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पारंपरिक वेशभूषा में आए आदिवासियों ने हिस्सा लिया। इस अवसर संसदीय सचिव एवं विधायक बिलाईगढ़ चन्द्रदेव प्रसाद राय ने कार्यक्रमों की शुरुआत पूजा अर्चना कर किया।



इस अवसर पर संसदीय सचिव श्री राय ने किसानो को पट्टा वितरण तथा उत्कृष्ट विद्यार्थियो को प्रशस्ति पत्र एवं मेडल देकर सम्मानित किया और इसके साथ ही तेंदु पत्ता हितग्राही को चेक भी वितरण किया।

साथ ही उन्होंने अपने सम्बोधन में कहा की दुनिया की 25 प्रतिशत आबादी आदिवासियों की है। आदिवासी अपनी भाषा, संस्कृति, परंपरा एवं जीवनशैली को बरकरार रखते हुए अपनी भाषा को सहेज कर रखना हमारी जिम्मेदारी है। आप समस्त प्रदेशवासियो को विश्व आदिवासी की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें। उन्होंने जन समूह को संबोधित करते हुए शासन प्रशासन द्वारा संचालित योजनाओं को गिनाएं। जिले के 56 हजार से अधिक आदिवासी हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं के तहत 15 करोड़ 24 लाख रुपये से अधिक राशि का किया गया वितरण। 55 हजार 880 तेंदूपत्ता हितग्राहियों को पारिश्रमिक के रूप में बकाया बोनस सहित प्रदान किया गया 14 करोड़ 20 लाख 90 हजार रुपये।

59 हितग्राहियों को व्यक्तिगत वन अधिकार पत्र सहित 1 गांव को दिया गया सामुदायिक वन अधिकार पत्र।

मनरेगा के तहत 159 आदिवासी हितग्राहियों के लिए 1 करोड़ 4 लाख रुपये के विभिन्न कार्यों की स्वीकृति।

रोजगार मूलक कार्य हेतु 20 हितग्राहियों को अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति द्वारा 2 लाख रूपये का प्रदान किया गया ऋण। संसदीय सचिव चंद्रदेव प्रसाद राय ने इस मौके पर जिले के 56 हजार से अधिक आदिवासी हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं के तहत 15 करोड़ 24 लाख रुपये से अधिक राशि का वितरण किया। जिसमे 60 तेंदूपत्ता संग्राहक समिति के 55 हजार 880 तेंदूपत्ता हितग्राहियों को पारिश्रमिक के रूप में बकाया बोनस कुल 14 करोड़ 20 लाख 90 हजार रुपये प्रदान किया गया। जिसमें वर्ष 2023 के 24 समितियों के 19 हजार 591 हितग्राहियों को 6 करोड़ 40 लाख 71 हजार 920 रुपये, बोनस के रूप में 2021 के रूप में 19 समितियों के 19 हजार 245 हितग्राहियों को 2 करोड़ 65 लाख 63 हजार 792 रुपये एवं वर्ष 2022 के 17 समितियों के 17 हजार 44 हितग्राहियों को 5 करोड़ 14 लाख 59 हजार 483 रुपये शामिल है। इसी तरह 59 हितग्राहियों को व्यक्तिगत वन अधिकार पत्र सहित 1 गांव कसडोल अंतर्गत ग्राम गबोद के ग्रामीणों को सामुदायिक वन अधिकार संसधान पत्र प्रदान किया गया है। साथ ही मनरेगा के तहत 159 आदिवासी हितग्राहियों के लिए 1 करोड़ 4 लाख रुपये के विभिन्न कार्यों की स्वीकृति प्रदान की गई है। इसके अतिरिक्त रोजगार मूलक कार्य हेतु 20 हितग्राहियों को अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति द्वारा 2 लाख रूपये ऋण का वितरण किया गया है। साथ ही शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट छात्र छात्राओं सहित समाज मे महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करने वाले आदिवासी समाज के प्रतिभाशाली व्यक्तियों को प्रशस्ति प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस मौके पर कृषक कल्याण बोर्ड अध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा, जीव जंतु कल्याण बोर्ड अध्यक्ष विद्याभूषण शुक्ला,पाठ्य पुस्तक निगम अध्यक्ष शैलेश नितिन त्रिवेदी,अनुसूचित जनजाति आयोग सदस्य गणेश सिंह ध्रुव,श्रमिक कल्याण बोर्ड सदस्य सतीश अग्रवाल, रजक कल्याण बोर्ड अध्यक्ष,लोकेश कन्नोजे, जिला पंचायत उपाध्यक्ष सरिता ठाकुर,मंडी अध्यक्ष बलौदाबाजार तुलसी वर्मा,भाटापारा सुशील शर्मा,

जिलाध्यक्ष हितेंद्र ठाकुर,जिला पंचायत सदस्य शेख अलीमुद्दीन,गोरे लाल साहू, परमेश्वर यदु, रमेश धृतलहरे अध्यक्ष जनपद पंचायत कसडोल सिद्धांत मिश्रा,पलारी खिलेंद्र वर्मा,जिला पंचायत सीईओ नम्रता जैन,डीएफओ मयंक अग्रवाल,अपर कलेक्टर बी.सी.एक्का,सहायक कलेक्टर नम्रता चौबे सहित अन्य जन प्रतिनिधि गण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि चंद्रदेव प्रसाद राय ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में आदिवासियों का ना केवल लगातार विकास हो रहा है बल्कि आदिवासियों के संस्कृति की सरंक्षण एवं सवर्धन कार्य हमारी सरकार कर रही है।

# कलेक्टर ने दिव्यांग और वृद्ध मतदाताओं को दिलाया शपथ



## – साल, श्री फल देकर किया सम्मानित

## – मतदान केंद्रों में रैम्प एवं व्हीलचेयर की होगी सुविधा

**खैरागढ़।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री गोपाल वर्मा ने दिव्यांग और वृद्ध मतदाताओं को मतदाता जागरूकता शपथ दिलाया और साल, श्रीफल देकर किया सम्मानित। इस दौरान उन्हें निर्वाचन में उपलब्ध सुविधाओं और वैकल्पिक पोस्टल बैलेट की जानकारी देकर, मतदान हेतु प्रोत्साहित किया गया।

'मतदान केंद्रों में वृद्धजन मतदाताओं के लिये दृष्टिगत रैम्प एवं व्हीलचेयर की होगी सुविधा'

जिला कार्यालय में आयोजित सम्मान कार्यक्रम में उपजिला निर्वाचन अधिकारी और अपर कलेक्टर डी. एस. राजपूत के साथ स्वीप नोडल और संयुक्त कलेक्टर आभा तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया कि सोमवार को स्वीप अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम में मतदान करने वाले दिव्यांगों और वृद्धजनों का सम्मान किया। उन्हें आगामी विधानसभा निर्वाचन में वैकल्पिक पोस्टल बैलेट की सुविधा से अवगत कराया गया। जानकारी दी गई कि मतदान केन्द्रों में वृद्धजन मतदाताओं के दृष्टिगत रेम्प एवं व्हीलचेयर की सुविधा उपलब्ध रहेगी। 80 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के बुजुर्ग मतदाताओं को मतदान के लिए प्रोत्साहित करने हेतु उन्हें सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में जानकारी दी गई कि मतदान के महत्व के प्रति जागरूक कराने में बुजुर्ग मतदाताओं की अहम भूमिका है। उन्हें अन्य दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी दी गई। कलेक्टर ने वृद्ध मतदाताओं के दृष्टिगत बीएलओं को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर टंकेश्वर साहू, उपसंचालक गणेश राम वर्मा, के.के.वर्मा सहित स्वीप और निर्वाचन कार्यक्रम से जुड़े स्काउट के विद्यार्थी, अधिकारी, कर्मचारी और वृद्धजनों के

# अनियमितता पर पांच कृषि केन्द्र संचालको को नोटिस जारी

**खैरागढ़।** कलेक्टर श्री गोपाल वर्मा के निर्देशानुसार जिले के कृषि विक्रय केन्द्रो के माध्यम से कृषको के मांग अनुसार गुणवत्तायुक्त तथा निर्धारित दर पर कृषि आदान सामाग्री आपूर्ति कराने के उद्देश्य से छापेमारी की गई। इस दौरान ठेलकाडीह के 05 कृषि केंद्रों की जाँच कर अनियमितता पर कारण बताओ नोटिस जारी किया गया।

केसीजी कलेक्टर श्री गोपाल वर्मा ने कृषि विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि कृषि केन्द्र संचालक, किसानों को गुणवत्तापूर्ण सामग्री, उचित दाम पर दें। खरीफ वर्ष 2023 के प्रारंभ से ही कृषको को गुणवत्तायुक्त सामाग्री उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कृषि विभाग द्वारा जिले के विभिन्न कीटनाशक, बीज एवं खाद् विक्रय केन्द्रों में जांच की कार्यवाही किया जा रहा है। सोमवार को भी जिला के विभिन्न स्थानों में संचालित ऐसे 05 कृषि केन्द्रों में दबिश देकर अनियमितता पाये जाने पर संचालको को कारण बताओं नोटिस जारी किया गया है। उप संचालक कृषि राजकुमार सोलंकी ने कहा कि कृषको को नकली कृषि आदान सामाग्री से सतर्क रहने तथा सामाग्री के साथ विक्रय केन्द्रो से पक्के में बिल अवश्य प्राप्त करने की अपील की गई है।

अनियमितता पर जारी रहेगी कार्यवाही

उपसंचालक राजकुमार सोलंकी ने जानकारी देते हुए बताया कि कलेक्टर महोदय के निर्देश में अनियमितता पर कार्यवाही जारी रहेगी।सोमवार को विकासखंड-खैरागढ़ के कीटनाशक निरीक्षक सह अनुविभागीय कृषि अधिकारी विरेन्द्र कुमार डहरिया और ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी लिखेश्वर तिवारी की टीम ने कार्यवाही करते हुए 05 कृषि केन्द्रों में दबिश दी गई जहां अनियमितता पायी गई।



विकासखंड-खैरागढ़ अंतर्गत ठेलकाडीह के कृषि केन्द्र- बनुठिया कृषि केन्द, किसान कृषि केन्द, लक्ष्य कृषि केन्द, भूमि कृषि केन्द्र एवं साहू कृषि केन्द्र में छापेमारी कर कार्यवाही की। इन केंद्रों में स्कंध पंजी का संधारण, स्त्रोत प्रमाण पत्र का नही होना एवं मूल्य सूची अंकित नही होना पाया गया। सभी 05 कीटनाशक विक्रय केन्द्रो को कारण बताओं नोटिस जारी किया गया है।

# 'शुभ-कदम स्वागतम' के तहत नवविवाहिता महिलाओं का होगा सम्मान

## कलेक्टर ने निर्वाचन तैयारियों की दी जानकारी, राजनीतिक दलों की ली बैठक



**खैरागढ़।** खैरागढ़-छुईखदान-गंडई के कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री गोपाल वर्मा ने जिला कार्यालय के सभाकक्ष में विधानसभा निर्वाचन के दृष्टिगतव प्रेसवार्ता की और जिले के राजनीतिक दलों की बैठक ली। इस दौरान स्वीप कार्यक्रम की जानकारी दी गई।

कलेक्टर श्री गोपाल वर्मा ने आगामी विधानसभा निर्वाचन के दृष्टिगत मतदाता सूची संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्य और स्वीप गतिविधियों की जानकारी के सम्बंध में विस्तृत चर्चा की। बताया गया कि 2 अगस्त से 31 अगस्त तक मतदाता सूची संक्षिप्त पुनरीक्षण का कार्य किया जाना है। इस अवधि में 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने जा रहे हैं। सभी नागरिकों का नाम मतदाता सूची में सम्मिलित किया जाना है। मतदाता सूची में नाम सम्मिलित करने से छूटे हुए नागरिक फार्म 6 भरकर अपने बीएलओ के पास जमा कर सकते हैं। मतदाता सूची संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्य के अंतर्गत 12, 13 व 19 एवं 20 अगस्त को विशेष अभियान चलाया जाएगा। इस संबंध में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की भी बैठक हुई। प्रेसवार्ता और बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी और अपर कलेक्टर डी. एस. राजपूत, प्रकाश राजपूत, डॉ. मक़सूद सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

कलेक्टर श्री गोपाल वर्मा के निर्देशानुसार जिले में 2 अगस्त को मतदाता जागरूकता स्कूटी एवं बाईक रैली का आयोजन किया गया है। यह रैली दोपहर 1बजे कलेक्ट्रेट के मुख्य द्वार से निकलकर मुख्य मार्गों से होते हुए स्व.दिलीप सिंह मंगल भवन तक आयोजित होगी। फिर यह रैली, भवन में सभा के रूप में परिवर्तित हो जाएगी। सभा मे इस दौरान कलश यात्रा और सुवा नृत्य का आयोजन होगा। स्थल पर युवाओं के लिए सेल्फी जोन बनाया गया है।

स्वीप प्रभारी और संयुक्त कलेक्टर आभा तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया कि शुभ-कदम स्वागतम के तहत जिले के नवविवाहिता महिलाओं का स्थल में सम्मान किया जाएगा। कार्यक्रम में स्वस्थ निर्वाचन हेतु शपथ दिलायी जाएगी। इस स्कूटी एवं बाईक रैली में हेलमेट के साथ भावी मतदाताओं यानि कॉलेज के छात्र-छात्राओं, जूनियर एनसीसी, स्काउट-गाइड, रोवर-रेंजर व एनएसएस के छात्रों को भी शामिल होने की अपील की गई है। इस रैली में समस्त अधिकारी/कर्मचारी शामिल होंगे। ट्रैफिक व्यवस्था, स्वास्थ्य सुविधा हेतु एंबुलेंस के साथ मेडिकल टीम, रैली समापन स्थल पर अन्य आवश्यक व्यवस्थाए सुनिश्चित करने निर्देश दिए गए हैं।

# प्रभारी मंत्री ने किया जिला मुख्यालय बालोद में पर्यावरण पार्क का शुभारंभ



**बालोद।** प्रदेश के वन एवं जलवायु परिवर्तन, परिवहन, आवास एवं पर्यावरण विधि-विधायी कार्य विभाग तथा जिले के प्रभारी मंत्री श्री मोहम्मद अकबर ने आज जिला मुख्यालय बालोद में जुंरीपारा के समीप दल्लीराजहरा मार्ग में स्थित पर्यावरण पार्क का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने तांदुला नदी के समीप प्रकृति के मनोरम वादियों के बीच स्थित इस सुंदर पर्यावरण पार्क की बेहतरीन परिवेश तथा शासन के द्वारा उपलब्ध कराए गए सुविधाओं की मुक्तकंठ से सराहना की। उन्होंने आशा व्यक्त किया कि जिला मुख्यालय बालोद में स्थित यह पर्यावरण पार्क यहाँ आने वाले लोगों के लिए आकर्षण का केन्द्र बनेगा। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती अनिला भेंडिया, संसदीय सचिव श्री कुंवर सिंह निषाद, संजारी-बालोद विधायक श्रीमती संगीता सिन्हा, नगर पालिका परिषद बालोद के अध्यक्ष श्री विकास चोपड़ा, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती चंद्रप्रभा सुधाकर, पूर्व विधायक श्री भैय्याराम सिन्हा के अलावा मुख्य वन संरक्षक श्री दिलराज प्रभाकर, कलेक्टर श्री कुलदीप शर्मा, पुलिस अधीक्षक श्री जितेन्द्र कुमार यादव, वनमण्डलाधिकारी श्री आयुष जैन सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे।

इस अवसर पर मंत्री श्री मोहम्मद अकबर एवं श्रीमती अनिला भेंडिया ने जनप्रतिनिधियों के साथ ईको फ्रैण्डली वाहन से पर्यावरण पार्क का भ्रमण कर पार्क में तैयार किए गए विभिन्न स्थलों का अवलोकन किया। उन्होंने पार्क में औषधि एवं फलदार आदि विभिन्न प्रजाति के पौधों का अवलोकन कर उसकी भूरी-भूरी सराहना की। इस दौरान मंत्रियों एवं अन्य जनप्रतिनिधियों ने पर्यावरण पार्क में पौधारोपण भी किया।

## ऑनलाईन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति,बैंक खाते को आधार से सीडिंग कराना अनिवार्य

**बालोद।** अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग पोस्ट मैट्रिक ऑनलाईन छात्रावृत्ति वर्ष 2022-23 अंतर्गत छात्रा-छात्राओं को छात्रावृत्ति राशि भुगतान करने हेतु बैंक खाता का आधार कार्ड से सीडिंग होना अनिवार्य है। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास ने बताया कि जिले के शासकीय, अशासकीय महाविद्यालय बालोद के 21, बेलौदी के 04, गुरूर के 07, मंगचुवा के 03, कन्या बालोद के 03, अर्जुन्दा के 16, खेरथा के 03, एकलव्य डौंडीलोहार के 10, कंगलामांझी डौंडी के 9,एनसीजे दल्लीराजहरा के 01, शहीद कौशल गुण्डरदेही के 10, अरमरीकला के 01, माता कर्मा गुण्डरदेही के 02 तथा शासकीय व अशासकीय आईटीआई दल्लीराजहरा के 01, डौंडी 01, डौंडीलोहारा के 08, श्री महावीर आईटीआई के 02 एव श्योर सक्सेस आईटीआई के 01 तथा गौतम नर्सिंग कालेज के 01 इस प्रकार कुल 105 विद्यार्थियों का आधार सीडिंग नही होने के कारण छात्रवृत्ति भुगतान नहीं किया जा सका है। उन्होंने संबंधित विद्यार्थियों को निर्देशित किया है, कि अपने संबंधित बैंक शाखा से संपर्क करते हुए बैंक खाता को आधार कार्ड से 25 अगस्त 2023 तक अनिवार्य रूप सीडिंग कराते हुए संबंधित अध्ययनरत संस्था में आधार सीडिंग की जानकारी देना सुनिश्चित करें।

# प्रभारी मंत्री ने की जिले में चल रहे विकास कार्यो की विस्तृत समीक्षा




### शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का क्रियान्वयन निर्धारित समयावधि में सुनिश्चित करें - मोहम्मद अकबर

**बालोद।** प्रदेश के वन एवं जलवायु परिवर्तन, परिवहन, आवास एवं पर्यावरण विधि-विधायी कार्य विभाग तथा जिले के प्रभारी मंत्री श्री मोहम्मद अकबर ने कहा कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का निर्धारित समयावधि में क्रियान्वयन सुनिश्चित की जाए। जिससे कि आम जनता को इनका समुचित लाभ मिल सके। प्रभारी मंत्री श्री अकबर बालोद जिले के प्रभारी मंत्री बनने के पश्चात् आज संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में पहली समीक्षा बैठक में उक्ताशय के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने जिले में चल रहे विकास कार्यों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ आम जनता को मिल सके। इसके लिए जरूरी उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। प्रभारी मंत्री ने वनमण्डलाधिकारी को निर्माण कार्य से जुड़े वन विभाग से संबंधित प्रकरणों को तत्काल उनके समक्ष प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिए। जिससे कि इन प्रकरणों के निराकरण हेतु त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। बैठक में महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती अनिला भेंडिया, संसदीय सचिव श्री कुंवर सिंह निषाद, संजारी-बालोद विधायक श्रीमती संगीता सिन्हा, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सोनादेवी देशलहरा सहित अन्य जनप्रतिनिधियों के अलावा कलेक्टर श्री कुलदीप शर्मा, वनमण्डलाधिकारी श्री आयुष जैन, जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. रेणुका श्रीवास्तव, अपर कलेक्टर श्री शशांक पाण्डेय सहित जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित थे।

बैठक में प्रभारी मंत्री ने राजीव गांधी किसान न्याय योजना के अंतर्गत जिले के कृषकों को अब तक प्राप्त कुल राशि के संबंध में जानकारी ली। इसके अलावा उन्होंने गोधन न्याय योजना के अंतर्गत गौठानों में अब तक की कुल गोबर खरीदी एवं गोबर विक्रेताओं को गोबर विक्रय की राशि भुगतान के संबंध में जानकारी ली। मुख्यमंत्री हाट बाजार क्लीनिक योजना की समीक्षा करते हुए इस योजना से अधिक से अधिक लोगों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए।

# किसी भी जागरूकता कार्यक्रम में मीडिया की अहम भूमिका - सीएमएचओ डॉ. टंडन

■ 10 से 21 अगस्त तक 10 लाख से अधिक व्यक्तियों को फाइलेरिया दवाई का कराया जाएगा सेवन - डॉ. जसाठी

■ 2946 स्वास्थ्यकर्मियों के माध्यम से बूथ एवं घर घर जाकर दवाओं का कराया जाएगा सेवन



**बेमेतरा।** फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम अन्तर्गत जिले को फाइलेरिया मुक्त करने हेतु कलेक्टर श्री पी.एस. एल्मा के निर्देशन में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जी.आर.टंडन और फाइलेरिया नोडल अधिकारी डॉ. ज्योति ए. जसाठी ने प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया से लोगों को जागरूक करने हेतु कलेक्टोरेट के सभाकक्ष में बातचीत की। जिले में 10 अगस्त से 21 अगस्त तक चलने वाले फाइलेरिया कार्यक्रम की जानकारी दी।

स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जी.एल. टंडन ने कहा कि किसी भी जागरूकता कार्यक्रम में मीडिया की अहम भूमिका होती है। उन्होने फाइलेरिया रोग के उन्मूलन हेतु आयोजित होने वाले सामूहिक दवा सेवन (मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन) कार्यक्रम की सफलता में मीडिया सहयोगियों की महत्वपूर्ण भूमिका है। कार्यशाला में बताया गया कि कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य यह था कि फाइलेरिया रोग की गंभीरता को समाचार पत्रों के माध्यम से जन-समुदाय में अधिक से अधिक प्रसारित किया जा सके, जिससे लोग इस गंभीर बीमारी के बारे में सही और महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त कर सके और फाइलेरिया रोधी दवाओं का सेवन करके इस रोग से स्वयं और अपने परिवार को बचा सके।

इस अवसर पर फाइलेरिया नोडल डॉ. ज्योति जसाठी ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान जिले के कुल 1004162 लाभार्थियों को फाइलेरिया से सुरक्षित रखने के लिए फाइलेरिया रोधी दवाओं की निर्धारित खुराक प्रशिक्षित स्वास्थ्यकर्मियों द्वारा घर-घर जाकर खिलाई जाएगी। इन दवाओं का सेवन खाली पेट नहीं करना है, 2 वर्ष से कम उम्र के बच्चों, गर्भवती महिलाओं और अति गंभीर रूप से बीमार व्यक्तियों को ये दवाये नहीं खिलाई जाएगी। फाइलेरिया रोधी दवाएं पूरी तरह सुरक्षित हैं। हालांकि इन दवाओं का कोई विपरीत प्रभाव नहीं है परंतु किसी को दवा खाने के बाद उल्टी, चक्कर, खुजली या जी मिचलाने जैसे लक्षण होते हैं तो यह इस बात का प्रतीक हैं कि उस व्यक्ति के शरीर में फाइलेरिया के परजीवी मौजूद हैं, जो कि इन दवाओं के सेवन करने के उपरांत इन परजीवियों के मरने के कारण उत्पन्न होते हैं। सामान्यत: ये लक्षण स्वत: समाप्त हो जाते है परंतु ऐसी किसी भी परिस्थिति के लिए प्रशिक्षित रैपिड रिस्पांस टीम तैनात हैं और उन्हें उपचार के लिए तुरंत बुलाया जा सकता है।

कार्यक्रम में यह भी बताया गया कि जिले में अब तक 75 फाइलेरिया और 14 हाइड्रोसील रोगियों को चिन्हित किया गया है। इस सामूहिक दवा सेवन कार्यक्रम मे जिले 1004162 लक्षित लाभार्थियों को 2946 स्वास्थ्यकर्मियों के माध्यम से बूथ एवं घर घर जाकर दवाओं का सेवन कराया जाएगा।

# आंगनबाड़ी केंद्रों में अगले माह की पहली तारीख से वजन त्यौहार शुरू



**तक़रीबन 90 हजार बच्चों का वजन लेकर पोषण स्तर का मापन किया जाएगा**

**बेमेतरा।** अगले माह की पहली तारीख से वजन त्यौहार शुरू होगा। पहले ये वजन त्यौहार चालू माह 1 अगस्त से शुरू होकर 13 अगस्त 2023 तक चलने वाला था। किंतु अपरिहार्य कारणों से इसे स्थगित कर दिया गया था। अब वजन त्यौहार आगामी 01 सितम्बर से शुरू होगा, जो 13 सितंबर 2023 तक चलेगा। इस संबंध में छत्तीसगढ़ शासन के महिला एवं बाल विकास से जिला कलेक्टरों को पत्र जारी कर दिया गया है। कलेक्टर श्री पदुम सिंह एल्मा ने जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास को सभी तैयारी समय रहते करने के निर्देश दिये है।

जिले के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में आगामी माह की पहली तारीख से 13 दिन तक चलने वाले इस वजन त्यौहार में 0 से 06 वर्ष के तकरीबन 90 हजार बच्चों का वजन कर कम वजन वाले बच्चों को चिन्हित कर कुपोषण की वास्तविक स्थिति का पता लगाया जाएगा । उनके कुपोषण स्तर की जांच की जाएगी। इसके साथ ही बच्चों को आंगनवाड़ी केंद्रों में पूरक पोषण आहार वितरण करने के साथ पोषक तत्वों के बारे में जानकारी दी जाएगी। इस दौरान जन-जन को कुपोषण के प्रति जागरूक करने के साथ-साथ प्रत्येक परिवार को उनके बच्चों को सही पोषण के संबंध में जानकारी भी दी जाएगी। कुपोषण को दूर करने के लिए चलाई जा रही योजनाओं का लाभ कितने बच्चों को मिल रहा है और कितने बच्चे कुपोषण से निजात पा चुके हैं उसका भी पता चलेगा।

जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग श्री बी. डी. पटेल ने बताया कि वजन त्यौहार का आयोजन कलस्टर पर किया जाएगा। प्रत्येक कलस्टर में वजन त्यौहार के लिए विभागीय अधिकारी, कर्मचारी, पर्यवेक्षक की डयूटी लगाई गयी है। आयोजित होने वाले वजन त्यौहार में आयु व वजन के साथ-साथ बच्चों की ऊंचाई तथा बच्चे की निरूशक्तता संबंधी जानकारी भी संकलित की जायेगी।

# राणा, रुस्तम और बाबी के नाम से जाने जाएंगे मैत्रीबाग में जन्मे व्हाइट टाइगर के ये तीन शावक



**200 लोगों ने सुझाए थे नाम**

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के उद्यानिकी विभाग के मैत्रीबाग में व्हाइट टाइगर के कुनबे में आए नए मेहमान दो नर एवं एक मादा शावक का नामकरण कर दिया गया है। इन नन्हे शावकों का नाम रुस्तम, राणा और बाबी रखा गया है। एक कार्यक्रम में आम जनता के लिए इन्हें खोला गया। नन्हे शावकों ने पहली बार खुले में स्वयं को पाकर आनंद से खूब उछलकूद करते हुए पर्यटकों का मनोरंजन किया। इन शावकों के पिता का नाम सुल्तान है।

बतादें कि मैत्रीबाग में 28 अप्रैल 2023 को व्हाइट टाइगर के दो नर एवं एक मादा शावक का जन्म हुआ था। शावकों की मां रक्षा ने पिछले 3.5 माह से बच्चों का लालन-पालन पूरी ममता के साथ किया। मैत्रीबाग प्रबंधन की ओर से लगातार नन्हे शावकों और मां को पौष्टिक आहार के साथ-साथ विभिन्न प्रकार के विटामिन भोजन के साथ दिया गया।

मैत्रीबाग के प्रभारी डा. नवीन जैन ने जानकारी दी कि जू अथारिटी आफ इंडिया के मार्गदर्शन अनुसार ही नन्हे शावकों और मां की देखभाल की गई। पूर्व नियोजित कार्यक्रम के अनुसार, आजादी के 77वीं वर्षगांठ पर नन्हे शावकों का नाम रुस्तम, राणा और बाबी रखा गया है।

मैत्रीबाग प्रबंधन को अलग-अलग माध्यम से 200 लोगों ने इन नन्हें शवकों के नाम बतौर सुझाव भेजे थे। इन नामों को मैत्रीबाग प्रबंधन के अफसरों कर्मचारियों के पास लोगों ने सीधे भेजा था। इसके लिए कोई वॉट्सऐप ग्रुप या मेल पर नाम नहीं मांगे गए थे। भिलाई इस्पात संयंत्र प्रबंधन द्वारा प्रतिवर्ष फ्लावर शो कराया जाता है। इनमें से अधिकांश लोग उसमें आया करते हैं। उनके द्वारा ही अधिकांश नाम भेजे गए हैं।

**व्हाइट टाइगर का कुनबा बढ़कर हुआ 9**

भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा मैत्रीबाग में व्हाइट टाइगर के लिए अलग से बनाया गया है, जिसमें उनकी देखभाल की जाती है। अच्छी देखभाल के चलते यहां पर व्हाइट टाइगर का कुनबा बढ़कर नौ हो गया है। वहीं अब तक 12 व्हाइट टाइगर को भिलाई से देश के विभिन्न जू में भेजा जा चुका है। जिसमें मध्य प्रदेश, रांची ओडिशा के जू शामिल है।

# कुश्ती के दंगल में पहली बार बेटियों ने दिखाया दम

**बिलासपुर।** नागपंचमी पर कुश्ती के दंगल में संस्कारधानी की दो बेटियों ने दमदार मुकाबला दिखाया। दर्शक रोमांचित हो उठे। कुश्ती के दंगल में पहली बार बेटियों को भिड़ते देख सभी गदगद हो गए। 70 साल के इतिहास में पहली बार महिला वर्ग ने प्रतियोगिता में भाग लिया।

नागपंचमी की परंपरा के अनुसार सोमवार को सभी जगहों पर नागों की पूजा हुई और विभिन्न अनुष्ठान किए गए। वहीं कुश्ती का दंगल लगा। इसमें पहलवानों ने जीत के लिए अपना दमखम दिखाया और बाजी भी लगती रही।

स्व.प्रीतमदास सिदारा की स्मृति में लाल बहादुर शास्त्री स्कूल मैदान में कुश्ती प्रतियोगिता हुई। इसमें पहलवानों ने जीत के लिए धोबी पछाड़, कला जंघ, बनारसी कला जंघ, चिरागदान, मोरपंख, सालतू, डबल टांग, एक लंगा, निकाल, उखाड़, लंगड़ी ढेकली जैसे कई दांव लगाते रहे। प्रतियोगिता में विभिन्न वर्ग में 52 पहलवानों ने हिस्सा लिया। पहली बार दो महिला पहलवानों ने हिस्सा लिया। इनमें दयालबंद की सुरभि पटेल और समीक्षा वर्मा ने रेत पर शानदार पहलवानी का प्रदर्शन किया।

अक्षय बने छत्तीसगढ़ केसरी

80 किलो वर्ग में बिलासपुर के अक्षय चक्रवर्ती विजेता रहे और वे छत्तीसगढ़ केसरी चुने गए। उपविजेता 86 किलो वर्ग के शेख फखरूद्दीन रहे। छत्तीसगढ़ अभिमन्यु का खिताब 53 किलो वर्ग में भिलाई के समीर यादव और उपविजेता 50 किलो वर्ग में गोंड़पारा के विकास विश्वकर्मा रहे। छत्तीसगढ़ कुमार का खिताब 61 किलो वर्ग में भिलाई के पवन कुमार विजेता रहे। उपविजेता 58 किलो वर्ग में सत्यम कुमार रहे।

# कोर्ट भवन में लटक रहे थे बिजली तार, सीजे हुए नाराज



**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा हाई कोर्ट के मामलों की सुनवाई के बाद सक्ती व रायगढ़ न्यायालयों के औचक निरीक्षण के लिए रायगढ़ पहुंचे। सबसे पहले सक्ती न्यायालय का निरीक्षण किया। सक्ती में अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश व व्यवहार न्यायाधीशों के न्यायालय है। निरीक्षण के समय न्यायालयों में प्रकरणों की सुनवाई चल रही थी तथा कर्मचारी कार्य कर रहे थे।

चीफ जस्टिस सिन्हा ने निरीक्षण के दौरान नाराजगी जाहिर करते हुए सक्ती न्यायालय में पार्किंग व्यवस्था, अधिवक्ताओं के बैठने के लिए उचित व्यवस्था, बिजली तार व्यवस्थित करने एवं साफ-सफाई के आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। चीफ जस्टिस सिन्हा ने अधिवक्ताओं से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी।

चीफ जस्टिस ने जिला न्यायालय रायगढ़ के निरीक्षण के दौरान न्यायालय के सभी कक्षों का निरीक्षण किया। रिकार्ड रूम में प्रकरणों को उचित व्यवस्थित रूप से रखने के लिए जिला एवं सत्र न्यायाधीश, रायगढ़ को निर्देशित किया गया। निरीक्षण के समय न्यायिक अधिकारी न्यायालयों में पीठासीन थे तथा प्रकरणों की सुनवाई चल रही थी। उन्होंने वाटर फिल्टर व उसके आस-पास की सफाई के लिए निर्देश दिए। इसके बाद उन्होंने अधिवक्ताओं से मुलाकात की।

अधिवक्ताओं ने उनका सम्मान किया। अधिवक्ताओं ने चीफ जस्टिस सिन्हा से उद्बोधन के लिए आग्रह किया। इस पर उन्होंने उपस्थित अधिवक्ताओं के समक्ष उद्बोधन दिया। इसके बाद उन्होंने न्यायिक अधिकारियों के साथ बैठक भी ली और आवश्यक निर्देश दिये। रायगढ़ से वापसी के दौरान सक्ती कलेक्टर नुपूर राशि पन्ना तथा एसपी एमआर अहिरे ने चीफ जस्टिस से मुलाकात की।

उन्हें सक्ती न्यायालय की अधोसरंचना को न्यायालय की गरिमा के अनुरूप बनाये जाने के लिए निर्देशित किया गया। औचक निरीक्षण में चीफ जस्टिस के साथ रजिस्ट्रार जनरल अरविन्द कुमार वर्मा व एडिशनल रजिस्ट्रार कम पीपीएस एमवीएलएन सुब्रहमन्यम भी उपस्थित रहे।

# अधिवक्ता संघ ने जिला न्यायालय के तीन जजों का किया बहिष्कार

**जिला अधिवक्ता संघ कार्यकारिणी समिति की बैठक में निर्णय।**

**बिलासपुर।** जजों की कार्यप्रणाली और व्यवहार से नाराज जिला अधिवक्ता संघ ने जिला न्यायालय के तीन जजों के खिलाफ मंगलवार को मोर्चा खोल दिया है। अधिवक्ता संघ के पदाधिकारी व अधिवक्ताओं ने मंगलवार को न्यायालय परिसर के भीतर तीनों जजों के व्यवहार और कामकाज के तरीके को लेकर जमकर नारेबाजी की और तीनों ही जजों के न्यायालय का बहिष्कार कर दिया। साथ ही संघ ने अनिश्चितकालीन बहिष्कार का ऐलान कर दिया है।

जिला न्यायालय के तीन जजों के अधिवक्ताओं के प्रति व्यवहार और कामकाज के तरीके को लेकर अधिवक्ताओं में लंबे समय से नाराजगी देखी जा रही है। हाल के दिनों में जो घटनाएं घटी उसे लेकर अधिवक्ताओं की नाराजगी बढ़ती ही जा रही है। अधिवक्ताओं ने जिला अधिवक्ता संघ से इसकी शिकायत की थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए जिला अधिवक्ता संघ के पदाधिकारियों ने अधिवक्ता संघ की कार्यकारिणी की बैठक बुलाई।

कार्यकारिणी ने इस प्रकरण में जिला एवं सत्र न्यायाधीश से सीधी बात करने और जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं हो जाती तब तक तीनों जजों के न्यायालय का बहिष्कार का निर्णय लिया है। यह बहिष्कार मंगलवार से जारी रहेगा। कार्यकारिणी की बैठक के बाद जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष चंद्रशेखर वाजपेयी व सचिव कमल ठाकुर के नेतृत्व में जिला एवं सत्र न्यायाधीश अशोक साहू के कोर्ट रूम में पहुंचे व अपनी बात रखी। तीनों जजों के खिलाफ जांच की मांग की।

जब तक संघ की मांग पूरी नहीं हो जाती तब तक तीनों जजों के न्यायालय का बहिष्कार करने की बात भी कही। तीनों जज न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी रैंक के न्यायिक अफसर हैं। तीनों जजों के ऊपर अलग-अलग आरोप अधिवक्ताओं ने लगाए हैं। अधिवक्ताओं के अनुसार एक जज बगैर प्रकरण की सुनवाई किए ही मामले को खारिज कर देते हैं।

# जीजा के जूते नहीं चुरा पाएंगी सालियां, शादी में नहीं चलेगा 'पैसे दो जूते लो' का रिवाज

**साहू समाज ने रस्म पर लगाया बैन**



**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिला साहू समाज की शादियों में दूल्हा के जूते की चोरी, उसके बाद उसे लौटाने के एवज से पैसों की मांग अब नहीं होगी। इसके अलावा दुल्हन के ससुराल पहुंचने पर संग छुड़ाने के एवज में भी पैसे की मांग नहीं की जा सकेगी। रविवार को जिला साहू संघ दुर्ग की वार्षिक आम सभा में इसका निर्णय लिया गया। समाज की ओर से तर्क दिया गया कि इन दोनों परंपराओं के रूप में कुरीतियां हावी हो रही हैं, जिससे अक्सर विवाद व मनमुटाव की स्थिति बन रही है। इससे बचने के लिए ही यह निर्णय लिया गया है। परंपरा स्वच्छ रूप से चले तो आपत्ति नहीं है।

जिला साहू संघ दुर्ग वर्तमान में समाज के 40 हजार से अधिक परिवारों का नेतृत्व कर रहा है। संगठनात्मक रूप में जिला साहू संघ में कुल चार तहसील है। आज समाज का वार्षिक आम सभा केलाबाड़ी दुर्ग स्थित साहू सदन में हुई। इसमें शादी में जूता छुपाना और दुल्हन व दूल्हा का संग छुड़ाने की परंपरा की आड़ में पैसा लेने व उसे लेकर होने वाले विवाद सहित समाज हित के कई मुद्दों पर चर्चा हुई।

**अक्सर विवाद होता है- नंदलाल साहू**

दुर्ग जिला साहू संघ के अध्यक्ष नंदलाल साहू ने कहा कि अक्सर विवाह में दूल्हा का जूता चोरी की परंपरा रही है। दुल्हन पक्ष के लोगों के द्वारा यह किया जाता है। लेकिन वर्तमान में यह देखने आ रहा है कि इसकी आड़ में दबाव पूर्वक पैसों की मांग की जाने लगी है, मना करने अथवा कम पैसे देने पर मनमुटाव हो जाता है। इसी तरह दुल्हन जब विदा होकर ससुराल पहुंचती है तो वहां संग छुड़ाने के एवज में दुल्हन के साथ गए लोग ही रकम मांगने लगते हैं। हम किसी परंपरा का विरोध नहीं कर रहे, केवल उसे स्वच्छ बनाने की बात कह रहे हैं।

नंदलाल ने कहा कि आज के निर्णय से पूरे समाज को अवगत करा दिया गया है। सभी को जागरूक किया जाएगा कि इसका पालन करें। साहू समाज जागरूक समाज है। जिला अध्यक्ष ने स्वागत भाषण व वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया तथा आने वाले वर्ष में होने वाले कार्यक्रम की रूपरेखा विस्तार से बताई। बीते वर्ष शिक्षा व स्वरोजगार के संबंध में दिए गए प्रशिक्षण, विगत वर्ष के आय-व्यय व आडिट रिपोर्ट आदि पर भी चर्चा की गई है। मंत्री ताम्रध्वज साहू ने सामाजिक दान पर जोर देते हुए समाज की नियमावली पर अमल कर एकरूपता पर जोर दिया। वहीं जागेश्वर साहू ने नशामुक्ति के लिए समाज में अभियान चलाने के लिए कहा।

# प्रदेश में हर तीसरा व्यक्ति पिंक आई फ्लू से प्रभावित



**दुर्ग।** दुर्ग-भिलाई शहर में आंखों का संक्रमण पिंक आई फ्लू या कंजंक्टिवाइटिस तेजी से फैल रहा है। हर तीसरा चौथा व्यक्ति कंजंक्टिवाइटिस संक्रमण का शिकार नजर आ रहा है। बच्चों में यह संक्रमण ज्यादा असर दिखा रहा है। अस्पताल में भी इस वायरस के इलाज के लिए भीड़ बढ़ने लगी है। हालांकि डाक्टर कह रहे हैं कि यह कोई गंभीर बीमारी नहीं है, दो से तीन दिन बाद अपने आप इसका असर कम होने लगता है। दुर्ग जिले में बीते 16 जुलाई से 23 जुलाई तक 762 मरीज पाए गए हैं। भिलाई के जुनवानी समेत आसपास के इलाकों में यह संक्रमण तेजी से फैल रहा है।

बता दें कि बारिश के दिनों में कई तरह की बीमारी फैल रही है। सुपेला अस्पताल में वायरल फीवर के मरीजों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। जून में जहां रोजाना दो से तीन सौ तक मरीज आते थे, वहीं जुलाई में संख्या बढ़कर चार सौ के आसपास पहुंच गई है। इसके अलावा

**दुर्ग शहर में एक सप्ताह में मिले 762 मरीज**

श्रमिक बस्तियों में ऐसे लोग भी है जो संक्रमण का शिकार तो हैं पर वह लोग अस्पताल पहुंचने के बजाए सीधे मेडिकल स्टोर से लेकर दवा खा लेते हैं। इसलिए सहीं आंकड़ा पता नहीं चल पाता है।

इन दिनों जिले में वायरल फीवर के साथ साथ आंख के संक्रमण यानी कंजंक्टिवाइटिस की बीमारी भी तेजी से फैल रही है। जिला स्वास्थ्य महकमें के आंकड़ों के मुताबिक जिले के सभी स्वास्थ्य केंद्रों में इस संक्रमण से प्रभावित लोग इलाज के लिए पहुंच रहे हैं। 16 जुलाई से लेकर 23 जुलाई तक संक्रमण के 762 मरीज विभिन्न सरकारी अस्पतालों में इलाज के लिए पहुंच चुके हैं।

**यह है कारण व लक्षण**

कंजंक्टिवाइटिस एक तरह से वायरस है। जो किसी को भी हो सकता है। यह एलर्जी व बैक्टीरिया है। यह वायरल संक्रमण के कारण होता है। यह ज्यादातर प्रभावित व्यक्ति के संपर्क में आने से होता है। इसे गुलाबी आंख या लाल आंख वाली बीमारी भी कहा जाता है।आंख में सूजन होना। आंख लाल या गुलाबी होना। आंख में जलन होना, आंख मलते रहने की इच्छा होना, लगातार पानी या मवाद निकलना। ऐसा लगना कि आंख में कुछ फंसा हो ये तमाम इसके लक्षण है।

# छात्रावास में रहने वाले छात्रों को जीएसटी से राहत की तैयारी

## स्वामी विवेकानंद टेक्निकल यूनिवर्सिटी में खोला जाएगा सेंटर आफ एक्सीलेंस

**दुर्ग।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल रायपुर, बिलासपुर के बाद आज दुर्ग संभाग के युवाओं के साथ भेंट-मुलाकात के लिए भिलाई सेक्टर-6 के जयंती स्टेडियम पहुंचे। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम स्थल में छत्तीसगढ़ महतारी के छायाचित्र के समक्ष माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर, राज गीत के साथ युवाओं से भेंट-मुलाकात कार्यक्रम की शुरुआत की। मुख्यमंत्री के आगमन के साथ ही युवाओं का जोश दोगुना हो गया है। धुमाल और बैंड परफॉर्मेंस की धुन में उत्साहित युवाओं के कका कका के नारे से जयंती स्टेडियम गूंज उठा।

दुर्ग संभाग क्षेत्र के युवाओं से भेंट मुलाकात कार्यक्रम के दौरान शुक्रवार को मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कई महत्वपूर्ण घोषणाएं की। बारिश के बीच भिलाई में हुए इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने राज्य के युवाओं को आगे बढ़ाने के लिए स्वामी विवेकानंद टेक्निकल यूनिवर्सिटी में सीओइ (सेंटर आफ एक्सीलेंस) के स्थापना की बात कही। बेंगलुरू जीएसटी



प्राधिकरण द्वारा छात्रावास में रहने वाले छात्रों के लिए 12 प्रतिशत जीएसटी लगाने के निर्णय का उल्लेख करते हुए इसे भारत सरकार से अनुरोध करने की बात कही। उन्होंने कहा कि यदि ऐसा नहीं हो पाया तो 12 प्रतिशत जीएसटी राशि का भार छत्तीसगढ़ सरकार वहन करेगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश में 36 आइटीआइ का उन्नयन किया जा रहा है। इससे 10 हजार युवाओं को रोजगार मिलेगा।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल भिलाई के जयंती स्टेडियम में भेंट मुलाकात के दौरान दुर्ग, राजनांदगांव, कवर्धा, बालोद, बेमेतरा, खैरागढ़, मानपुर-मोहला-अंबागढ़-चौकी जिले के युवाओं ये संवाद कर रहे थे। इस दौरान युवाओं ने भी खुलकर अपनी बात कही। कई मांगे रखी, सुझाव दिए। पसंद आने वाले सुझाव पर मुख्यमंत्री ने जल्द अमल करने की बात कही। उन्होंने खेलकूद के लिए दुर्ग, भिलाई में राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे एवं रिसाली में भी सर्वसुविधायुक्त इंडोर स्टेडियम के निर्माण की घोषणा की।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि हमारी सरकार में 112 करोड़ रुपये बेरोजगारी भत्ते के रूप में दिए गए हैं। 300 रूरल इंडस्ट्रियल पार्क बनाए गए हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने टाटा कंपनी से अनुबंध किया है, इससे 36 आइटीआइ का उन्नयन होगा। यह 1,186 करोड़ रुपये का प्रोजेक्ट है। इससे 10 हजार युवाओं के लिए रोजगार की संभावना होगी। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि भिलाई से महिंद्रा टेक के साथ बीपीओ से बात की है, इससे भी रोजगार का सृजन होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब छत्तीसगढ़ की पहचान हमारी विशिष्ट संस्कृति से है। चाहे आदिवासी परंपरा हो, राम वन पथ गमन हो, कबीर सरोवर हो या बाबा घासीदास के पुण्यस्थलों से जुड़े स्थलों का विकास। एक मई को जब हमने बोरे बासी खाया तो सभी ने खाया।

सीएम बघेल जयंती स्टेडियम में युवाओं से किया संवाद

मुख्यमंत्री से भेंट मुलाकात कार्यक्रम में राजनांदगांव, कवर्धा, बालोद, बेमेतरा, खैरागढ़, मानपुर-मोहला-अंबागढ़-चौकी और दुर्ग जिले के युवाओं, महाविद्यालयीन छात्र-छात्राओं, प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे प्रतिभागी भी शामिल हुए। यहां करीब पांच हजार युवाओं के बैठने की व्यवस्था बनाई गई है। मंच पर दो एलईडी स्क्रीन और पंडाल पर चार एलईडी स्क्रीन की व्यवस्था है।

ज्ञात हो कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल युवाओं से लगातार रू-ब-रू हो रहे हैं। युवाओं से भेंट मुलाकात के इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री बघेल छत्तीसगढ़ के विकास की मुद्दे, युवाओं के लिए संचालित योजनाओं, उनकी उपलब्धियों और आकांक्षाओं पर बात कर रहे हैं।

**काला झंडा दिखाने पर भाजपा नेता हिरासत में**

वहीं भारतीय जनता पार्टी ने मुख्यमंत्री का विरोध करते हुए काला झंडा दिखाने का प्रयास किया। जमकर नारेबाजी की। पुलिस ने सभी को हिरासत में ले लिया। भाजपा नेताओं का आरोप है कि मुख्यमंत्री का भेंट मुलाकात कार्यक्रम एक छलावा है। जून में भी मुख्यमंत्री भेंट मुलाकात कार्यक्रम में भिलाई आए थे, कई घोषणाएं की थी, पर एक भी पूरा नहीं हुआ।

**सांसद ने जताई आपत्ति**

वहीं मुख्यमंत्री के आयोजन को लेकर दुर्ग सांसद विजय बघेल ने आपत्ति जताई है। सांसद विजय बघेल ने आरोप लगाते हुए कहा है कि युवाओं से भेंट मुलाकात कार्यक्रम में भीड़ बढ़ाने प्रत्येक कालेज से सौ-सौ युवाओं को लाने दबाव बनाया जा रहा है। नहीं आने की सूरत में परिणाम भुगतने की चेतावनी दी जा रही है।

# बीजेपी नेता प्रीतलाल बेलचंदन गिरफ्तार

**सहकारी बैंक में अध्यक्ष रहने के दौरान करोड़ों रुपये की हेराफेरी का आरोप**

**दुर्ग।** गोदाम निर्माण और एकमुश्त समझौता योजना के तहत गलत तरीके से 14 करोड़ 89 लाख 11 हजार रुपये की धोखाधड़ी के आरोप में पुलिस ने जिला सहकारी केंद्रीय मर्यादित बैंक के पूर्व अध्यक्ष प्रीतपाल बेलचंदन को दुर्ग कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपित के खिलाफ आठ मार्च 2021 को दुर्ग कोतवाली थाना में धोखाधड़ी, गबन और कूटरचना की धाराओं के तहत प्राथमिकी की गई थी। एफआइआर के बाद आरोपित ने हाई कोर्ट से स्टे ले लिया था। इस कारण से उसकी गिरफ्तारी नहीं हुई थी। हाई कोर्ट ने मामले की सुनवाई करते हुए समय सीमा के भीतर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। जिसके बाद अब पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

पुलिस ने बताया कि जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित के तत्कालीन मुख्य कार्यपालन अधिकारी पंकज सोढ़ी ने आठ मार्च 2021 को दुर्ग कोतवाली थाना में शिकायत की थी। उन्होंने शिकायत के साथ एक जांच प्रतिवेदन भी पेश किया था। जिसमें अपर कलेक्टर दुर्ग, अंकेक्षण अधिकारी तथा सहकारिता निरीक्षक की संयुक्त टीम द्वारा की गई जांच का विवरण था। उसके आधार पर जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित के पूर्व अध्यक्ष प्रीतपाल बेलचंदन (65) निवासी उजाला भवन के पास संतराबाड़ी दुर्ग के खिलाफ प्राथमिकी की गई थी। जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित दुर्ग के पूर्व अध्यक्ष प्रीतपाल बेलचंदन को रविवार को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया। जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है। वहीं इस मामले में अन्य आरोपितों की संलिप्तता की जांच की जा रही है। पुलिस ने बताया कि इस मामले में अन्य आरोपितों की गिरफ्तारी भी की जा सकती है।

प्रीतपाल बेलचंदन पर आरोप था कि उन्होंने अध्यक्ष रहने के दौरान आठ अप्रैल 2014 से 12 मई 2020 के बीच पंजीयक सहकारी संस्थाएं छत्तीसगढ़ की अनुमति के बिना 234 प्रकरणों में गोदाम निर्माण के लिए 13 करोड़ 13 लाख 50 हजार रुपये का अनुदान स्वीकृत किया था। साथ ही पांच अगस्त 2016 से 12 जून 2019 के बीच एकमुश्त समझौता योजना (ओटीएस) के तहत नियम विरुद्ध 186 प्रकरणों में एक करोड़ 75 लाख 61 हजार रुपये की छूट प्रदान कर शासकीय निधि का दुरुपयोग किया था।

**लेने देन कर पदभार देने के मामले में कार्रवाई**

# पोड़ी उपरोड़ा के पूर्व बीईओ सहित छह कर्मचारी निलंबित

**कोरबा।** छत्तीसगढ स्कूल शिक्षा विभाग ने साल भर पहले पोड़ी उपरोड़ा में पदस्थ विकासखंड शिक्षा अधिकारी लोकपाल जोगी सहित बीईओ कार्यालय के अंतर्गत आने वाले छह कर्मचारियों को निलंबित कर दिया है। लंबे समय से काम पर अनुपस्थित कर्मचारियों से लेने देन कर पदभार देने के मामले में यह कार्रवाई की गई है। निलंबन अवधि में सभी कर्मचारियों का कार्यक्षेत्र संभागीय संयुक्त संचालक कार्यालय होगा।

पोड़ी उपरोड़ा में पदस्थ रहे बीईओ लोकपाल जोगी तत्कालिन पर कई शिकायतें आई। उन पर लगे विभिन्न आरोपों के अनुसार उन्होने सहायक शिक्षक संतोष मानिकपुरी को साढ़े पांच साल तक गायब रहने के बाद ज्वाइन करवा लिया। इस मामले में उच्च अधिकारियों से अनुमति तक नहीं ली गयी। वहीं सहायक शिक्षक विष्णु कुमार भी नौ महीने तक स्कूल से गायब रहे, जिन्हें उच्चाधिकारियों के संज्ञान में लाए बगैर बीईओ जोगी ने मनमाने तरीके से ज्वाईन करा लिया। यही नहीं एक भृत्य बहादुर राम को 72 महीने का अवकाश स्वीकृत कर दिया गया और उसका वेतन निकाला गया। उसी तरह एक अन्य भृत्य बिसुराम भी मार्च 2021 से अप्रैल 2022 तक अनुपस्थित था, लेकिन उसका वेतन आहरण किया गया।

यही इसी तरह के 12 अलग-अलग मामलों की शिकायत हुई। जिसमें 23 लाख 29 हजार रुपये की गड़बड़ी शामिल था। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए राज्य स्कूल शिक्षा विभाग ने संभाग स्तर पर जांच टीम गठित की थी। मामले में उन पर लगे आरोप सही पाए गए। इस पर स्कूल शिक्षा विभाग ने कार्रवाई करते हुए लोकपाल जोगी पूर्व बीईओ उपरोड़ा कोरबा के अलावा कार्य में सहयोग देने वाले प्रवीण कुमार साहू व्याख्याता, प्रभारी प्राचार्य शाकउमावि पसान, बृजेंद्र कुमार वानी कंप्यूटर आपरेटर, रामेश्वर प्रसाद बनवा प्रधान पाठक, माध्यमिक आश्रम शाला कोनकोना, प्रदीप कुमार मिश्रा सहायक ग्रेड तीन व छवि कुमार गहिरवार सहायक ग्रेड तीन को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है।

# सरगबुंदिया कोल साइडिंग में बंद कराने ननकीराम बैठे धरने पर



**कोरबा।** ग्राम सरगबुंदिया में रेलवे स्टेशन के निकट संचालित हो रहे कोयला साइडिंग को बंद करने व भारी वाहनों का परिचालन रोकने की मांग को लेकर विधायक ननकी कंवर ने मोर्चा खोल दिया। स्टेशन जाकर समर्थकों के साथ धरना पर बैठ गए। सूचना मिलते ही पुलिस व प्रशासन हरकत में आ गया। बताया जा रहा है कि सरगबुंदियां स्टेशन के पास कोयला साइडिंग का संचालन लंबे अरसे से किया जा रहा है। साइडिंग में कोयला अनलोड करने काफी संख्या में रोजाना ट्रेलर व हाइवा आ रहे हैं।

इससे मार्ग में भारी वाहनों का लोड बढ़ गया है। घटना को लेकर क्षेत्रवासियों में नाराजगी व्याप्त है। मंगलवार की शाम चार बजे एकाएक पूर्व गृहमंत्री व विधायक ननकीराम कंवर कोल साइडिंग सरगबुंदिया स्टेशन पहुंचे और धरने में बैठ गए। उन्होंने कहा कि जब तक साइडिंग बंद नहीं किया जाएगा, वह यहां से नहीं उठेंगे। कंवर के धरना में बैठते ही कोयली परिवहन के कार्य में लगे लोग भागने लगे। इस दौरान वाहनों को लेकर भाग रहे कुछ चालक को समर्थकों ने पकड़ा और मौके पर वाहन खड़ा करा दिया।

# जल, जंगल, जमीन हमारी संस्कृति की अनमोल धरोहर : मंडावी

**जिला स्तरीय विश्व आदिवासी दिवस कार्यक्रम में उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया**



**मोहला।** जिला स्तरीय विश्व आदिवासी दिवस कार्यक्रम का आयोजन कलेक्टोरेट सभागार में आयोजित किया गया है। कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाले प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। साथ ही विभिन्न योजनाओं के तहत हितग्राहियों को लाभांन्वित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संसदीय सचिव एवं क्षेत्रीय विधायक श्री इंद्रशाह मंडावी ने उपस्थित सभी लोगों को विश्व आदिवासी दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाइयां दी। उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा विश्व आदिवासी दिवस मनाने का संकल्प पारित किया है। आज छत्तीसगढ़ के साथ ही देश और विश्व भर में विश्व आदिवासी दिवस मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आदिवासी जल, जंगल और जमीन के रक्षक होते हैं। जल, जंगल और जमीन से ही हमारी पहचान है। उन्होंने कहा कि जल, जंगल, जमीन हमारी संस्कृति का विशिष्ट पहचान है। संसदीय सचिव श्री मंडावी ने कहा कि हम सबको अपनी इस विशिष्ट धरोहर को बचाए रखने और संरक्षण करने का संकल्प लेना है। उन्होंने कहा कि आज बड़ी संख्या में आदिवासियों को विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित किया जा रहा है। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि वन भूमि पर वर्षों से काबिज लोगों को व्यक्तिगत और सामुदायिक वन अधिकार पट्टा वितरित किया जा रहा है। इससे आदिवासियों को अपनी वर्षों से काबिज जमीन का मालिक हक मिल रहा है। उन्होंने सभी लोगों से आव्हान करते हुए कहा कि जब भी हम कोई पेड़ काटते हैं, तो उसके स्थान पर हमें अन्य पेड़ अवश्य लगाना चाहिए। पर्यावरण की सुरक्षा और संरक्षण के लिए पेड़ों का बचाव किया जाना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने आदिवासी संस्कृति और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि बाल संरक्षण आयोग की अध्यक्ष श्रीमती तेजकुवर नेताम ने विश्व आदिवासी दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि राज्य शासन द्वारा आदिवासियों के हित में अनेक योजनाएं संचालित की जा रही है। उन्होंने कहा कि हमें इन योजनाओं का लाभ लेकर अपने जीवन स्तर को ऊपर उठाना चाहिए। उन्होंने कहा कि आज विश्व भर में विश्व आदिवासी दिवस मनाया जा रहा है। इससे आदिवासी संस्कृति और सभ्यता को संजोए रखने को बल मिलता है।

इस अवसर पर कलेक्टर श्री एस जयवर्धन ने विश्व आदिवासी दिवस की शुभकामनाएं देते हुए नवगठित जिला मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी के अंतर्गत प्रशासकीय प्रतिवेदन का वाचन करते हुए आदिवासियों के हित में किया जा रहे कार्यक्रमों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आदिवासियों के हित के लिए नवगठित जिला में महत्वपूर्ण कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। विभिन्न योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन करते हुए आदिवासियों को लाभान्वित किया जा रहा है। इस अवसर पर उन्होंने विभिन्न योजनाओं के तहत आदिवासियों के हितों में किए गए कार्यक्रम की विशेष जानकारी दी।

इस अवसर पर विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत लाभान्वित किया गया। इनमें राजस्व विभाग के द्वारा 04 हितग्राहियों को जाति प्रमाण पत्र एवं 05 हितग्राहियों को वन अधिकार मान्यता पत्र वितरित किया गया। इसी प्रकार आदिवासी विभाग द्वारा 03 हितग्राहियों को वन अधिकार मान्यता पत्र, पंचायत ग्रामीण विकास विभाग द्वारा 05 हितग्राहियों को 07 लाख 80 हजार रूपये के भूमि सुधार कार्य एवं डबरी निर्माण का चेक, श्रम विभाग द्वारा 02 हितग्राहियों को मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक मृत्यु एवं दिव्यांग सहायता योजना के तहत लाभान्वित किया गया। साथ ही 02 हितग्राहियों को मुख्यमंत्री नोनी सशक्तिकरण योजना से लाभान्वित किया गया। स्वास्थ्य विभाग द्वारा 05 हितग्राहियों को आयुष्मानकार्ड, मत्स्य विभाग द्वारा 05 हितग्राहियों को जाल वितरण, कृषि विभाग द्वारा 02 हितग्राहियों को रागी पैकेट वितरण, 04 हितग्राहियों का नलकूप खनन की राशि एवं सहकारिता विभाग द्वारा 05 हितग्राहियों को कृषि ऋण वितरण का चेक वितरण किया गया।

कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्ति और संस्था को सम्मानित किया गया । इसमें 66 वें राष्ट्र विद्यालयीन खेलों में तार गोला फेक में छ.ग. का प्रतिनिधित्व करने वाले शास.पो.मै.आदिवासी कन्या छात्रावास अं.चौकी की कु. लिलेश्वरी माहला को सम्मानित किया गया। इसी प्रकार भाला फेक में छ.ग. का प्रतिनिधित्व करने वाली शास.पो.मै.आदिवासी कन्या छात्रावास अं.चौकी के कु.हेमिन सलामें को बाधा दौड़ फेक में छ.ग. का प्रतिनिधित्व करने वाली शास.पो.मै.आदिवासी कन्या छात्रावास अं.चौकी की कु. सुरेखा को एकलव्य विद्यालय, नवोदय विद्यालय, जवाहरलाल नेहरू उत्कर्ष योजना एवं सैनिक विद्यालय हेतु चयनित ग्राम बम्हनी विकास खण्ड मोहला के डामन लाल/सुरेश कुमार को कबड्डी राज्य स्तर पर युवा महोत्सव में प्रथम स्थान लंबीकुद राज्य पर छत्तीसगढ़ ओलंपिक में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागीयों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में जनपद पंचायत मानपुर के अध्यक्ष श्री दिनेश शाह मंडावी, जनपद पंचायत अंबागढ़ चौकी के अध्यक्ष श्रीमती कुमारी बाई जुरेषिया, जनपद पंचायत मोहला के अध्यक्ष लगनु राम चंद्रवंशी, जीव जंतु कल्याण बोर्ड के सदस्य श्री संजय जैन, जिला पंचायत सदस्य श्री राम भगवान चंद्रवंशी, सरपंच श्रीमती सरस्वती ठाकुर, सहित अन्य जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिकगण, पुलिस अधीक्षक श्रीमती रत्ना सिंह, अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी श्रीमती प्रेमलता चंदेल, व विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित थे।

# संसदीय सचिव मंडावी के पहल पर किसान को तत्काल मिला कृषि ऋण



**मोहला।** विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर विभिन्न योजनाओं से अनेकों हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया। जिला कार्यालय मोहला के सभाकक्ष में आयोजित कार्यक्रम में आज मानपुर ब्लॉक के ग्राम नेड़गांव के किसान श्री महंगू राम गोड़ को कृषि ऋण के तहत 15 हजार रुपया का चेक वितरित किया गया। किसान श्री महंगू राम ने विधायक के समक्ष अपनी पीड़ा रखते हुए कहा कि 15 हजार रुपिया खेती किसानी के लिए कम पड़ेगा। संसदीय सचिव श्री मंडावी एवं कलेक्टर श्री एस जयवर्धन ने किसान की पीड़ा को मर्म स्पर्श करते हुए 15 हजार की राशि को बढ़ाकर तत्काल आवश्यक कार्यवाही करते हुए 30 हजार किए जाने हेतु सहकारिता विभाग को निर्देशित किया। सहकारिता विभाग द्वारा शीघ्रतापूर्वक कार्यवाही करते हुए किसान के लिए 30 हजार रुपिया की ऋण स्वीकृति का चेक प्रेषित किया। विधायक एवं संसदीय सचिव श्री मंडावी ने संबंधित किसान श्री महंगू राम को मानपुर में आयोजित विश्व आदिवासी दिवस कार्यक्रम में उक्त ऋण स्वीकृति का चेक संबंधित किसान को प्रदाय किया।

किसान ने प्रसन्नता जाहिर करते हुए कहा कि शासन प्रशासन की संवेदनशीलता से उन्हें बड़ी राहत मिली है। उन्होंने कहा कि 15 हजार से बढ़ाकर 30 हजार ऋण स्वीकृति किए जाने से उन्हें खेती किसानी के काम को अब करने में आसानी होगी। अब किसी परेशानी का उन्हें सामना करना नही पड़ेगा। किसान ने कहा कि शासन प्रशासन के द्वारा शीघ्रतापूर्वक कार्यवाही किए जाने से उन्हें और उनके परिवार जनों को काफी खुशी मिली है।

# कलेक्टर ने दिया स्वच्छता का संदेश, अपने कक्ष का किया साफ सफाई

**जिले के अधिकारी कर्मचारियों ने अपने–अपने कार्यालय की सफाई की**

**मोहला।** कलेक्टर श्री एस जयवर्धन ने अपने कक्ष की साफ-सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया। कलेक्टर ने जिले के सभी शासकीय कार्यालयों और अपने-अपने दफ्तरों की साफ-सफाई करने का संदेश दिया था। इसे प्रेरित होकर आज जिले के अधिकारी कर्मचारियों ने सभी शासकीय कार्यालयों और अपने-अपने कक्षों की साफ-सफाई की। स्वच्छता के इस भागीदारी में अधिकारी कर्मचारी ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। अधिकारी कर्मचारियों ने हाथ में थामा झाड़ू और स्वप्रेरित होकर अपने-अपने दफ्तरों की साफ-सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया। कलेक्टर कार्यालय में आज 15 अगस्त के पहले सफाई अभियान चलाया गया। कलेक्टर ने अपने संदेश में कहा कि स्वच्छता में समाज के सभी लोगों की भागीदारी जरुरी है। उन्होंने कहा कि स्वच्छता जीवन की अहम आवश्यकताओं में से एक है। उन्होंने कहा कि हर नागरिक का दायित्व है, कि



हर कोई अपने जीवन में स्वच्छता को शामिल करें। उन्होंने कहा कि इससे जीवन में स्वच्छ रहने की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने कहा कि स्वस्थ्य शरीर और पर्यावरण संरक्षण के लिए अपने आस-पास और घरों की साफ-सफाई करना व स्वच्छता बनाए रखना आवश्यक है।

# जिले के अंतर्राज्यीय सीमाओं से जुड़े बार्डर पर अवैध शराब एवं सामग्री के परिवहन को रोकने विशेष रूप से कार्रवाई करने की जरूरत

- विधानसभा निर्वाचन के लिए सभी अधिकारी अपने दायित्वों का गंभीरतापूर्वक करें निर्वहन - कलेक्टर
- पुलिस, आयकर, आबकारी, जीएसटी सहित अन्य विभाग निर्वाचन कार्य से जुड़कर लगातार करेंगे कार्य
- विधानसभा आम निर्वाचन 2023 के लिए कार्यशाला एवं प्रशिक्षण संपन्न



**राजनांदगांव।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री डोमन सिंह के मार्गदर्शन में विधानसभा आम निर्वाचन 2023 अंतर्गत निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण हेतु पद्मश्री गोविंदराम निर्मलकर गौरव पथ ऑडिटोरियम राजनांदगांव में आज उड़नदस्ता दल, स्थैतिक निगरानी दल, वीडियो निगरानी दल, वीडियो अवलोकन दल, सहायक व्यय प्रेक्षक, लेखा टीम, मीडिया अनुवीक्षण एवं प्रमाणन समिति के लिए कार्यशाला एवं प्रशिक्षण संपन्न हुआ। कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जिम्मेदारी के अनुरूप सभी अपने दायित्वों का निर्वहन करेंगे। संयुक्त प्रशिक्षण सत्र में आज सभी अपने दायित्वों को भलीभांति समझते हुए, निर्वाचन के नियमानुसार कार्य करेंगे। इसमें सभी विभागों की महती जिम्मेदारी है। पुलिस, आयकर, आबकारी, जीएसटी सहित अन्य विभाग निर्वाचन कार्य से जुड़कर कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारियों को भारत निर्वाचन आयोग की मंशा अनुरूप गंभीरतापूर्वक कार्य करने की जरूरत है।

कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि जिले के अंतर्राज्यीय सीमाओं से जुड़े बार्डर पर विशेष रूप से कार्रवाई करने करने की जरूरत होगी। अवैध शराब एवं सामग्री के परिवहन को रोकने के लिए कार्रवाई करने की जरूरत होगी। नियमों को ध्यान में रखते हुए पुलिस, स्थैतिक निगरानी दल, उड़नदस्ता दल एवं अन्य सभी दल आपसी समन्वय के साथ कार्य करेंगे। एफआईआर की स्थिति भी बन सकती है। ऐसी परिस्थिति में नियमानुसार कार्य करना सुनिश्चित करेंगे। डोंगरगांव एवं खुज्जी विधानसभा क्षेत्र व्यय अनुवीक्षण के मामले में संवेदनशील है। सभी इस तरह की कार्रवाई के लिए सक्रियतापूर्व कार्य करेंगे। लेखा से जुड़े अधिकारी व्यय पर्यवेक्षक के साथ कार्य करेंगे। निर्वाचन के कार्य को ध्यान में रखते हुए सभी अधिकारी मुख्यालय में रहेंगे। अभ्यर्थी के व्यय के आकलन के लिए वीडियो निगरानी दल कार्य करेंगे तथा व्यय पर्यवेक्षक को रिपोर्ट उपलब्ध कराएंगे। उन्होंने कहा कि अभ्यर्थियों से संबंधित जानकारी व्यय पर्यवेक्षक को उपलब्ध कराते हुए नियमानुसार कार्य करना है।

जिला पंचायत सीईओ श्री अमित कुमार ने कहा कि उड़नदस्ता दल, स्थैतिक निगरानी दल, वीडियो निगरानी दल, वीडियो अवलोकन दल, सहायक व्यय प्रेक्षक, लेखा टीम, मीडिया अनुवीक्षण एवं प्रमाणन समिति सहित अन्य दलों की आवश्यकता को देखते हुए कार्यशाला एवं प्रशिक्षण का आयोजन किया गया है। जिसमें आयकर विभाग एवं जीएसटी के अधिकारी भी शामिल हो रहे हैं। उन्होंने सभी अधिकारियों से कहा कि अपने जिज्ञासाओं का निराकरण करें तथा सक्रियतापूर्वक पारस्परिक संवाद के माध्यम से प्रशिक्षण में भाग लें। अपर कलेक्टर श्रीमती इंदिरा नवीन प्रताप सिंह तोमर ने कहा कि विभिन्न निर्वाचन कार्य के लिए गठित दलों के लिए आयोजित इस प्रशिक्षण में मार्गदर्शन दिया जा रहा है, जिसमें सभी को समन्वय के साथ कार्य करने की आवश्यकता है। सभी आपसी संपर्क में रहते हुए प्रशिक्षण प्राप्त करें। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री लखन पटले ने कहा कि जिले में निर्वाचन के दृष्टिगत प्रशिक्षण में पुलिस विभाग द्वारा विभिन्न तरह की स्थितियों में किए जा रहे कार्यों के संबंध में प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। कार्रवाई के दौरान अवैध शराब एवं सामग्री की जब्ती होने पर पुलिस विभाग, जीएसटी एवं आयकर विभाग द्वारा संयुक्त रूप से सावधानीपूर्वक कार्य करने की जरूरत होगी। उन्होंने सभी अधिकारियों को पुलिस विभाग की ओर से हरसंभव सहयोग की बात कही। सहायक आयुक्त जीएसटी श्रीमती कविता ठाकुर ने बताया कि अंतर्राज्यीय सीमा होने के कारण जिले में अन्य राज्यों से बहुत सी सामग्री आती है। जिसमें एफएसटी एवं एसएसटी के दल संयुक्त रूप से कार्रवाई करेंगे। आयकर अधिकारी श्री सुजीत भट्टाचार्य ने बताया कि 10 लाख रूपए से अधिक की राशि व्यय होने की स्थिति में आयकर विभाग के दल द्वारा कार्य किया जाता है। नगद राशि के जब्ती की कार्रवाई के दौरान एसएसटी के सहयोग से कार्य किया जाता है तथा आयकर अधिनियम के तहत कार्रवाई होती है।

इस दौरान मास्टर ट्रेनर्स ने निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण के लिए उड़नदस्ता दल, स्थैतिक निगरानी दल, वीडियो निगरानी दल, वीडियो अवलोकन दल, सहायक व्यय प्रेक्षक, लेखा टीम, मीडिया अनुवीक्षण एवं प्रमाणन समिति के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि लोकतंत्र में मतदाताओं को प्रलोभन दिया जाता है, वहीं धन-बल भी कार्य करता है। उन्होंने बताया कि निर्वाचन व्यय दो प्रकार के होते हैं, वैधानिक एवं अवैधानिक। वैधानिक अंतर्गत पोस्टर, बैनर, कटआउट, जनसभा जिसमें माईक, कुर्सी, टैंट, माईक, माला, चुनाव कार्यालय, वाहन, लाऊंड स्पीकर, कार्यकर्ता पारिश्रमिक, खाने के पैकेट आदि शामिल है। वही अवैधानिक अंतर्गत मतदाता अभ्यर्थी को धन देना, साड़ी, कंबल एवं अन्य उपहार देना, मदिरा वितरण, लंगर चलाना, मोबाईल फोन देना, पेट्रोल डलवाना है। जिसे तत्काल रूकवाना चाहिए और इस पर कार्रवाई होनी चाहिए।

# खाद्य आयोग के अध्यक्ष बाबरा ने की खाद्य विभाग की समीक्षा



### फ़ोर्टिफ़ाइड राइस के बारे में लोगों को जागरूक करने दिये निर्देश

मनेंद्रगढ़। छत्तीसगढ़ राज्य खाद्य आयोग के अध्यक्ष श्री गुरप्रीत सिंह बाबरा की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में भरतपुर-सोनहत विधायक श्री गुलाब कमरो, मनेंद्रगढ़ विधायक डॉ. विनय जायसवाल, कलेक्टर श्री नरेंद्र दुग्गा भी उपस्थित थे।

बैठक में जिला खाद्य अधिकारी श्री संजय ठाकुर ने जिले में राशन दुकानों की वर्तमान स्थिति के बारे विस्तृत जानकारी दी। अध्यक्ष श्री गुरप्रीत सिंह बाबरा ने पीडीएस के संबंध में प्राप्त शिकायतों और उसके निराकरण के संबंध में आवश्यक जानकारी ली। उन्होंने कहा कि दुकानों में राशन वितरण में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। फोर्टिफाइड राइस के लिए आमजनों को जागरूक करने सभी पीडीएस दुकानों में फ्लैक्स बैनर लगाना सुनिश्चित करें। पीडीएस दुकानों में सभी आवश्यक पंजी संधारित करना सुनिश्चित करें। सभी स्कूल-छात्रावास और आश्रम शाला में खाद्य विभाग का हेल्पलाइन नंबर और जानकारी डिस्प्ले होना चाहिए। भवन विहीन पीडीएस दुकानों का चिन्हांकन करके नये भवन निर्माण के लिए शासन को प्रस्ताव भेजें। श्री बाबरा ने महिला एवं बाल विकास विभाग को बच्चों के पोषण आहार पर विशेष ध्यान देने की बात कही। बैठक में क्षेत्रीय विधायक श्री गुलाब कमरो और डॉ. विनय जायसवाल ने भी खाद्य विभाग के सुदृढ़ीकरण के लिए अपने विचार व्यक्त किए।

कलेक्टर श्री दुग्गा ने पीडीएस दुकानों में टॉल फ्री नंबर चस्पा करने और दुकानों में खाद्य पदार्थों की सही स्टैकिंग करने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिये।

बैठक में खाद्य आयोग के सदस्य और अधिकारीगण तथा अन्य जनप्रतिनिधि बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# कलेक्टर ने बैंकर्स को दिलाई मतदान की शपथ




**राजनांदगांव।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री डोमन सिंह ने जिले के बैंक अधिकारियों एवं कर्मचारियों को मतदान की शपथ दिलाई। कलेक्टर श्री सिंह ने बताया कि स्वीप कार्यक्रम के तहत 24 अगस्त को दोपहर 1 बजे अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम में मतदान की शपथ ली जाएगी। जिसमें सभी बैंकर्स की सहभागिता होनी चाहिए। उन्होंने सभी बैंकर्स को 24 अगस्त को दोपहर 1 बजे शपथ कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि 31 अगस्त तक मतदाता सूची में नाम जुड़वा सकते हैं। मतदाता सूची में ऑनलाईन एवं ऑफ लाईन प्रक्रिया से अपना नाम आसानी से जुड़वा सकते हैं और त्रुटि सुधार, नाम स्थानांतरण एवं अन्य संशोधन भी करा सकते है। उन्होंने अपने नाम के साथ परिवार के सदस्यों का नाम भी जुड़वाने के निर्देश दिए। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ श्री अमित कुमार, जिला परियोजना अधिकारी श्रीमती रश्मि सिंह सहित जिले के बैंकर्स एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# आजादी का अमृत महोत्सव के तहत जिले में किया जा रहा पौधों का रोपण



**धमतरी।** आजादी का अमृत महोत्सव के तहत 'मेरी माटी, मेरा देश' थीम पर जिले में 9 से 15 अगस्त तक वसुधा वंदन कार्यक्रम चलाकर वृक्षारोपण किया जा रहा है। कलेक्टर श्री ऋतुराज रघुवंशी ने बैठक में जानकारी देते हुए बताया था कि इसके तहत प्रत्येक ग्राम पंचायत में कम से कम 75 पौधों का रोपण किया जाना है। इसी तारतम्य में जिले के ग्राम पंचायतों में वीरों को याद करते हुए शिलापलकम लगाकर पंचप्राण की शपथ भी ली जा रही है। जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती रोक्तिमा यादव ने सभी जनपद पंचायत को आजादी का अमृत महोत्सव के जनभागीदारी से प्रत्येक गांव में कम से कम 75 पौधारोपण कर सेल्फी अपलोड कराना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

अभियान के तहत अमृत सरोवरों के किनारे पौधरोपण के लिए वन एवं उद्यानिकी विभाग के महात्मा गांधी नरेगा द्वारा तैयार नर्सरी के पौधे उपलब्ध कराए जाएंगे। अमृत सरोवर के आसपास कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिस ग्राम पंचायत में अमृत सरोवर नहीं है, ऐसी स्थिति में किसी भी जलाशय के आसापास, पंचायत भवन, स्कूल, ऐसी भूमि जहां पर वृक्षारोपण के लिए पर्याप्त स्थल उपलब्ध हो तथा चारों ओर से बाउण्ड्री बनी हो वहां पर पौधे लगाए जाएंगे। जिला पंचायत सीईओ ने बताया कि वसुधावंदन के तहत पौधे रोपे जाएंगे साथ ही वीरों के नामपट्टी शिलाफलकम लगाया जाएगा। वीरो, स्वतंत्रता संग्राम सैनिकों का वंदन किया जाएगा और परिवारों का सम्मान कर राष्ट्रीय ध्वज फहराते हुए राष्ट्रगान किया जाएगा।

# कलेक्टर रघुवंशी ने पीडीएस केन्द्रों के निरीक्षण के लिए गठित किया संयुक्त दल

**धमतरी।** कलेक्टर श्री ऋतुराज रघुवंशी ने जिले में प्रत्येक माह पीडीएस प्रदाय केन्द्रों एवं पृथक-पृथक उचित मूल्य दुकानों का आकस्मिक निरीक्षण करने के लिए संयुक्त दल गठित किया है। संयुक्त निरीक्षण दल द्वारा प्रत्येक माह आबंटित दुकान की जांच कर निरीक्षण प्रतिवेदन प्रस्तुत किया जाएगा। साथ ही वे हर माह अलग-अलग उचित मूल्य दुकानों का निरीक्षण करेंगे। इस दौरान उचित मूल्य दुकानों में उपलब्ध खाद्यान्न का भौतिक सत्यापन, स्टॉक एवं मूल्य सूची बोर्ड, सतर्कता समिति बोर्ड, पंजी, कॉल सेंटर बोर्ड, राज्य खाद्य आयोग/जिला शिकायत निवारण अधिकारी बोर्ड, सूचना का अधिकार बोर्ड, राशनकार्ड एवं यूनिट संख्या बोर्ड, वितरण पंजीयन, राशनकार्ड बोर्ड, निरीक्षण पंजी, शिकायत/सुझाव पंजी, निगरानी समिति की बैठक पंजी इत्यादि का निरीक्षण करेंगे। निरीक्षण के दौरान यदि राशन सामग्री की गुणवत्ता, प्रदाय एवं वितरण में से किसी भी प्रकार की अनियमितता पाई जाती है, तो संबंधितों के विरूद्ध छत्तीसगढ़ सार्वजनिक वितरण प्रणाली (नियंत्रण) आदेश 2016 एवं आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की सुसंगत धाराओं के तहत कार्यवाही की जाएगी।

कलेक्टर श्री रघुवंशी ने सम्पूर्ण जिले में प्रत्येक माह कम से कम 6 उचित मूल्य दुकानों के निरीक्षण की जिम्मेदारी जिला खाद्य अधिकारी, उप पंजीयक सहकारी संस्थाएं, जिला प्रबंधक नागरिक आपूर्ति निगम और नोडल अधिकारी जिला सहकारी केन्द्र बैंक दी है। इसी तरह सभी विकासखण्डों में प्रत्येक माह कम से कम 8 उचित मूल्य दुकानों के निरीक्षण का दायित्व भी अधिकारियों को सौंपा गया है। इसके तहत कुरूद, धमतरी, नगरी और मगरलोड विकासखण्ड के लिए संबंधित तहसीलदार, नायब तहसीलदार, खाद्य निरीक्षक, सहायक खाद्य निरीक्षक, सहकारिता विस्तार अधिकारी और सुपरवाईजर केन्द्रीय सहकारी बैंक द्वारा उचित मूल्य दुकानों का निरीक्षण किया जाएगा।

# अरुण मालाकार को मिला रायगढ़ ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष का भी जिम्मा



**रायगढ़।** नवगठित सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले के प्रथम कांग्रेस अध्यक्ष की कमान सम्हालने वाले अरुण मालाकार को रायगढ़ ग्रामीण अध्यक्ष का अतिरिक्त जिम्मा भी दिया गया है।

छत्तीसगढ़ कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज की सहमति पर प्रदेश महामंत्री रवि घोष ने सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले के पहले अध्यक्ष अरुण मालाकार की संगठन के प्रति जीवटता और विशेष कार्यशैली को देख उनको आगामी आदेश तक रायगढ़ जिला कांग्रेस (ग्रामीण) की जिम्मेदारी सौंपी है। गौरतलब है कि अविभाजित मध्यप्रदेश से कांग्रेस का झंडा बुलंद करने वाले अरुण मालाकार सारंगढ़ विधायक श्रीमती उत्तरी जांगड़े के दरबार के बेहद विश्वसनीय सिपहसालार हैं।

# केआईटी स्टाफ ने विधायक निवास का घेराव किया



**रायगढ़।** गढ़उमरिया में स्थापित केआईटी कालेज के 70 से अधिक व्याख्याता और कर्मचारी बीते दिनों से हड़ताल पर हैं और इन अधिकारी कर्मचारी को 16 माह से वेतन तक नसीब नहीं हो रहा है जिसके चलते वे आंदोलन पर हैं। पीड़ित अधिकारी कर्मचारी ने आज एक रैली निकालकर विधायक प्रकाश नायक के घर के सामने धरना प्रदर्शन करते हुए नारेबाजी की और अपनी मांगों को रखा। 16 महीने से वेतन नहीं मिलने से इनकी घरेलू स्थित बद से बदतर हो गई है और लगातार हड़ताल के बाद भी प्रशासनिक व राजनीतिक पद पर बैठे लोग इनकी बातों को अनसुना करते आ रहे हैं।

इसी क्रम में गुरुवार की सुबह महात्मा गांधी प्रतिमा चौक स्थित गांधी प्रतिमा में माल्यार्पण कर शांतिपूर्ण पदयात्रा निकाली। यह पदयात्रा गांधी प्रतिमा से होते हुए सुभाष चौक, गद्दी चौक, हण्डी चौक, सत्तीगुड़ी चौक से होते हुए विधायक विधायक कार्यालय पहुंची जहां सभी ने विधायक कार्यालय के सामने बैठकर जमकर नारेबाजी की और विधायक को ज्ञापन सौंपा। इस संबंध में कर्मचारी संघ के अध्यक्ष ने कहा कि बीते 16 माह से वेतन नहीं मिलने के चलते

उनकी जिंदगी बद से बदतर हो गई है। कुछ महिला अधिकारियों के साथ-साथ कुछ पुरुष कर्मचारी अपने घर के खर्चे से दूर बीमार परिजनों का इलाज भी नहीं करा पा रहे हैं यह केआईटी कालेज करीब 22 साल पहले इसलिये खोला गया था कि जिले का एकमात्र इंजीनियरिंग कालेज होगा और कम फीस पर गांव से लेकर शहर के बच्चों को अच्छी शिक्षा मिलेगी और उनका इंजीनियर बनने का ख्वाब पूरा होगा। लेकिन इस हड़ताल के चलते न यहां के बच्चे आगे की शिक्षा ले पा रहे हैं और न इस हड़ताल के कारण अधिकारी और कर्मचारी अपने सेवा दे पा रहे हैं।

कर्मचारी संघ की ओर से सौंपे गए ज्ञापन में वेतन भुगतान सहित पांच सूत्रीय मांग पत्र का ज्ञापन सौंपा गया है, जिसमें बकाया वेतन भुगतान के अलावा सातवें वेतनमान स्वीकृत करने, शासकीय इंजीनियरिंग कालेज के अनुरूप फीस और अन्य सुविधा मुहैया कराने, कालेज में अत्याधुनिक प्रयोगशाला की व्यवस्था तथा के आईटी कर्मियों के भविष्य की अनिश्चितता को समाप्त करते हुए स्थाई समाधान निकालने की मांग की गई है।

# एमेजान ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर जशपुर के हर्बल चाय की धमक, बाजार में तेजी से बढ़ रही

**जशपुरनगर।** जशपुर की चाय एमेजान आनलाइन प्लेटफॉर्म पर लोकप्रियता बिखेरने लगी है। जशपुर की महिलाओं ने स्वावलम्बन की चमकदार तस्वीर पेश की है। जशपुरिहा कैफीन मुक्त टी बैग तेजी से लोकप्रिय हो रहा है। शहर के समीप स्थित बालाछापर मे स्थित रीपा मे 10 लाख की लागत से स्थापित यूनिट मे जशपुर हर्बल टी बैग का उत्पादन प्रारंभ हो गया है।

16 अलग-अलग फ्लेवर मे तैयार किये गए इस सेहत और स्वाद से भरी चाय मे नवाचार के तहत स्थानीय स्तर पर उत्पादित जड़ी बूटियों का प्रयोग किया गया है। हर्बल टी के माध्यम से जड़ी बूटी उत्पादक किसानो को भी आर्थिक लाभ प्राप्त हो रहा है। स्व सहायता समूह जय जंगल की महिलाओं के द्वारा आत्म निर्भरता की कहानी भी लिखी जा रही है। बीते एक साल मे 1 लाख 50 हजार रूपये का हर्बल टी बेच चुकी हैं।



उल्लेखनीय है कि जशपुर छत्तीसगढ़ का एकमात्र चाय उत्पादक जिला है। यहां के जशपुर, मनोरा और बगीचा ब्लाक में 110 एकड़ में चाय बगान तैयार हो चुका है। चाय पत्तियों को तोडकर प्रोसेसिंग कर पैकेट बंद करने के लिए सोगड़ा और बालाछापर में दो यूनिट पहले ही स्थापित किए जा चुके हैं। सोगड़ा और जशपुर चाय के नाम सीटीसी, ग्रीन टी पहले से सरकारी मार्ट और आनलाइन मार्केट के प्लेटफार्म में पहले से ही उपलब्ध हैं।

# कभी नक्सलियों के गढ़ के रूप में होती थी छत्तीसगढ़ के इस इलाके की पहचान, अब पर्यटकों की रहती है भीड़

**गरियाबंद।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर से 90 किलोमीटर की दूरी पर स्थित गरियाबंद जिला अपनी खूबसूरती के चलते पर्यटन जिले के रूप में सैलानियों की पहली पसंद में शामिल होता जा रहा है। चारों तरफ से पहाड़ से घिरे होने के चलते इसका नाम गिरिबंद पड़ा था, जो अब गरियाबंद कहलाने लगा है।

**खूबसूरती के चलते देशभर में पहचान**

इन दिनों इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित कर रहा है। जबकि कभी नक्सलियों के गढ़ के रूप में जाना जाता था। वहीं, अब अपनी खूबसूरती के चलते देशभर में पहचाना जाने लगा है। देश के कई शहरों से सैलानी यहां पहुंच रहे है। छुट्टियों के दिन यहां 12 से 15 हजार सैलानी पहुंच रहे है।

वहीं रानी दहरा और पैरी घुम्मर जलाशय गजपल्ला वाटरफाल जैसे प्राकृतिक सौंदर्य स्थल की खूबसूरती भी सैलानियों का मन मोह रही हैं। मैनपुर स्थित सिकासेर डेम, देवधारा





वाटर फाल की खूबसूरती देखने के लिए भी दूर दूर से सैलानी आ रहे है। उदंती सीता नदी टाइगर रिजर्व द्वारा कुल्हाड़ी घाट जिसे कभी नक्सल गढ़ माना जाता था वहां वर्तमान में जलाशय में सैलानियों के लिए बोटिंग और कई एडवेंचर स्पोर्ट्स की शुरुआत की गई है।

**व्यापारियों को हो रहा आर्थिक लाभ**

गरियाबंद के जंगल और हाईवे के साथ साथ चलने वाली नदी का खूबसूरत नजारा समुद्र के किनारे बसे खूबसूरत शहर का अहसास कराता है। यूट्यूब में यहां की खूबसूरती को मिलियन व्यूज मिल रहे हैं। कई यूट्यूबर और ब्लॉगर शहर की खूबसूरत लोकेशन को राज्यभर के बेहतरीन पर्यटक स्थल में शुमार कर रहे हैं।

पिछले कुछ सालों में सैलानियों की संख्या में कई गुना वृद्धि हुई है। जिससे व्यापारियों को आर्थिक लाभ भी हो रहा है। युवा वर्ग में मिनी गोवा के नाम से मशहूर हो रहे जिले की खूबसूरती देखते ही बनती है। मगर बारूका स्थित चिंगरा पगार वाटर फाल, भूतेश्वर नाथ महादेव जतमई, घटारानी इंटरनेट पर खूब ट्रेंड कर रहे हैं।

# मंत्री अकबर के प्रयासों से पत्रकारों का आवास का सपना हुआ साकार



**कवर्धा।** छत्तीसगढ़ राज्य शासन के परिवहन, आवास, पर्यावरण, वन एवं विधि विधायी मंत्री और कवर्धा विधायक श्री मोहम्मद अकबर के प्रयासों से पत्रकार गृह निर्माण सहकारी मर्यादित समिति कवर्धा को बड़ी कामयाबी मिली है। पत्रकारों का आवास का सपना अब साकार होगा। कैबिनेट मंत्री श्री अकबर ने आज कलेक्टोरेट कार्यालय के सभाकक्ष में पत्रकार गृह निर्माण सहकारी समिति मर्यादित कवर्धा को कवर्धा शहर से सटे महराजपुर में लगभग तीन एकड जमीन आबंटन की आदेश कापी प्रदान किया है। पत्रकार गृह निर्माण सहकारी मर्यादित समिति के सदस्यों में खुशी की लहर देखी गई है। समिति ने कैबिनेट मंत्री श्री मोहम्मद अकबर का आभार व्यक्त किया है।

इस अवसर पर कलेक्टर श्री जनमेजय महोबे, जिला पंचायत सीईओ श्री संदीप अग्रवाल, राज्य क्रेडा सदस्य श्री कन्हैया अग्रवाल,

**कैबिनेट मंत्री अकबर ने कवर्धा में पत्रकार गृह निर्माण सहकारी समिति मर्यादित को लगभग तीन एकड़ जमीन आबंटन की आदेश कापी प्रदान किया**

कवर्धा नगर पालिका अध्यक्ष श्री ऋषि कुमार शर्मा सहित पत्रकार गृह निर्माण सहकारी समिति मर्यादित कवर्धा के सभी सदस्य गण उपस्थित थे। कैबिनेट मंत्री श्री अकबर ने समिति के अध्यक्ष श्री अविनाश ठाकुर एवं सदस्यों को राज्य शासन द्वारा जारी आबंटन आदेश की कापी प्रदान किया।

उल्लेखीय है पिछले 15 वर्षों से मीडिया से जुड़े पत्रकारों द्वारा पत्रकार कालोनी के लिए जमीन आबंटन की मांग की जा रही थी। इसके लिए पत्रकारों ने लम्बा संघर्ष भी किया। पत्रकारों के इस संघर्ष को तब कामयाबी मिली जब कैबिनेट मंत्री श्री मोहम्मद अकबर के संज्ञान में आया। उन्होने पत्रकारों की इस मांग को सही मानते हुए पहले इस मांग की सैद्धांतिक सहमति दी और इसके लिए विधिवित आवेदन करने के लिए कहा। पत्रकारों ने गठित पत्रकार गृह निर्माण सहकारी मर्यादित समिति के फर्म के माध्यम से कैबिनेट मंत्री श्री अकबर एवं कलेक्टर कबीरधाम को भूमि आबंटन के लिए विधिवत आवेदन दिया।

कैबिनेट मंत्री श्री अकबर ने पत्रकारों के आवेदन पर शीघ्रता से कार्यवाही की। लगभग दो माह के भीतर छत्तीसगढ़ शासन राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग नवा रायपुर से पत्रकार गृह निर्माण सहकारी समिति मर्यादित कवर्धा जिला कबीरधाम के नाम पर कवर्धा से सटे 1.081हैक्टेयर भूमि आबंटित किया गया है।

पत्रकार गृह निर्माण सहकारी मर्यादित समिति कवर्धा के अध्यक्ष श्री अविनाश ठाकुर एवं अन्य सदस्यों द्वारा जमीन आबंटन की कापी मिलने पर कैबिनेट मंत्री श्री अकबर को पुष्प माला पहनाकर आभार व्यक्त किया गया। अध्यक्ष श्री ठाकुर ने कैबिनेट मंत्री श्री अकबर है तो भरोसा है के साथ अपने संबोधन को आगे बढ़ाते हुए कहा कि हम सब मिडिया के साथियों के लिए यह गौरव का क्षण है। यह गौरव शाली क्षण कवर्धा पत्रकारिता जगत में मिशाल बन कर रहेगा।

# कैबिनेट मंत्री मो.अकबर ने 37 परिवारों को बांटे आवासीय पट्टा

**कवर्धा।** छत्तीसगढ़ शासन के वन, परिवहन, आवास, पर्यावरण एवं विधि विधायी मंत्री तथा कवर्धा विधायक श्री मोहम्मद अकबर ने आज मंगलवार को कलेक्टर कार्यालय में नगरीय क्षेत्र के 37 परिवारों को आवासीय पट्टा प्रदान किया। कैबिनेट मंत्री मो. अकबर, क्रेडा सदस्य कन्हैया अग्रवाल, नगर पालिका अध्यक्ष ऋषि कुमार शर्मा व उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने अपने हाथों से आवासीय पट्टा वितरण कर बधाई व शुभकामनाएं दी।



आवासीय पट्टा पत्र पाकर हितग्राही भी गदगद हुए। कैबिनेट मंत्री श्री मोहम्मद अकबर ने सभी परिवारों को बधाई व शुभकामनाएं देते हुए सभी वार्डो के हितग्राहियों का नाम पढ़कर हितग्राहियों को अवगत कराया। उन्होनें सभी पात्र परिवारों को पट्टा की स्वीकृति लिए बधाई व शुभकामनाएं दी तथा हितग्राही का एक साथ सभी के साथ फोटो भी खिंचाई। अब तक कैबिनेट मंत्री मो.अकबर के हाथों 1 हजार 536 व्यक्तियों को राजीव गांधी आश्रय योजनांतर्गत उनके आशियाने का अधिकार प्रदान किया जा चुका है उन्होनें कहा कि इस तरह से आगे भी जरूरतमंद व पात्र परिवारों को आवासीय पट्टा का वितरण करेगें।

राजीव गांधी आश्रय योजनांतर्गत मां कर्मा वार्ड क्र. 02 के 07 हितग्राही, दीनदयाल नगर वार्ड क्रं. 05 के 03 हितग्राही, महामाया वार्ड क्रं. 06 के 2 हितग्राही, डॉ.भीमराव अंबेडकर वार्ड क्रं. 07 के 07 हितग्राही, सतबहिनिया वार्ड क्रं. 09 के 2 हितग्राही, बुढ़ामहादेव वार्ड क्रं. 11 के 2 हितग्राही, महबूब शाहदातार वार्ड क्रं. 13 के 01 हितग्राही, वार्ड क्रं 16 के 2 हितग्राही, मिनीमाता वार्ड क्रं 17 के 09 हितग्राही, मां काली वार्ड क्रं. 24 के 05 हितग्राही, विंध्यवासिनी वार्ड क्रं. 27 के 02 हितग्राही कुल 37 हितग्राहियों को कैबिनेट मंत्री मो.अकबर ने पट्टा प्रदान किया।

नगर पालिका अध्यक्ष ऋषि कुमार शर्मा ने कहा कि भुपेश बघेल की सरकार गरीबों की सरकार है। हमारी सरकार जनता से वादा किया है उन सभी वायदों को हमारी सरकार पूरा कर रही है। कैबिनेट मंत्री मो.अकबर के हाथों अब तक कवर्धा शहर में निवासरत व पात्र 1 हजार 536 परिवारों को उनके हक-अधिकार प्रदान करते हुए राजीव गांधी आश्रय योजनांतर्गत आवसीय पट्टा प्रदान किए है।

# भाजपा के 21 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी

भाजपा ने आगामी छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के लिए 21 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की है। जिसमें कांकेर से आशाराम नेताम, प्रेमनगर से भूलन सिंह मरावी और कोरबा से लखनलाल देवांगन को उम्मीदवार बनाया गया है। पहली सूची में भाजपा ने दस अनुसूचित जनजाति और एक एससी के अलावा सांसद विजय बघेल पर भरोसा जताया है। सांसद विजय बघेल भूपेश बघेल के भतीजे हैं और उन्हें पाटन सीट से उतारा गया है। इसी सीट से सीएम भूपेश बघेल ने चुनाव जीता था। ऐसे में इस सीट पर चुनाव चाचा बनाम भतीजा होग। सूची में पांच महिलाएं भी शामिल हैं।

छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव होने में महज ढाई महीने ही शेष बचे हैं। ऐसे में बीजेपी और कांग्रेस केंद्रीय नेता छत्तीसगढ़ पर लगातार फोकस किए हुए हैं। दोनों पार्टियों के दिग्गज नेता प्रदेश का दौरा कर रहे हैं। दोनों दलों के नेता पूरी तरह से चुनावी समर में कूद चुके हैं। इस क्रम में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह 20 अगस्त को रायपुर के साइंस कॉलेज मैदान में, तो कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे 26 अगस्त, पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी 2 सितंबर और केसी वेणुगोपाल 19 सितंबर को छत्तीसगढ़ दौरे पर रहेंगे।

गुरुवार को बीजेपी की केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक दिल्ली में हुई। इसमें पीएम नरेंद्र मोदी, बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा समेत कई दिग्गज नेता शामिल हुए। इसमें छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव को लेकर मंथन किया गया। हालांकि चर्चा ये भी है कि करीब आधी सीटों पर नाम तय कर लिए गए हैं। फिलहाल, बीजेपी ने 21 सीटों पर ही अपने उम्मीदवार उतारे हैं।

दूसरी ओर रामानुजगंज से पूर्व सांसद रामविचार नेताम को टिकट दिया गया है। आईएएस की नौकरी छोड़कर बीजेपी में आए ओपी चौधरी का खरसिया से टिकट काटकर महेश साहू को मौका दिया गया है। ऐसे में उनके भविष्य पर खतरा मंड़रा रहा है। हालांकि चर्चा है कि चंद्रपुर से उन्हें टिकट मिल सकता है।







| क्रमांक | विधानसभा क्षेत्र | उम्मीदवार |
|---|---|---|
| 1. | प्रेमनगर (4) | भूलन सिंह मरावी |
| 2. | भटगांव (5) | लक्ष्मी राजवाड़े |
| 3. | प्रतापपुर (अजजा) (6) | शकुंतला सिंह पोर्थे |
| 4. | रामानुजगंज (अजजा) (7) | रामविचार नेताम |
| 5. | लुन्द्र (अजजा) (9) | प्रबोज भींज |
| 6. | खरसिया (18) | महेश साहू |
| 7. | धर्मजागढ़ (अजजा) (19) | हरिश्चन्द्र राठिया |
| 8 | कोरबा (21) | लखनलाल देवांगन |
| 9. | मरवाही (अजजा) (24) | प्रणव कुमार मरपच्ची |
| 10. | सरायपाली (अजा) (39) | सरला कोसरिया |
| 11. | खल्लारी (41) | अलका चंद्राकर |
| 12. | अभानपुर (53) | इन्द्रकुमार साहू |
| 13. | राजिम (54) | रोहित साहू |
| 14. | सिहावा (अजजा) (56) | श्रवण मरकाम |
| 15. | दौंडी लोहारा (अजजा) (60) | देवलाल हलवा ठाकुर |
| 16. | पाटन (62) | विजय बघेल, सांसद |
| 17. | खैरागढ़ (73) | विक्रांत सिंह |
| 18. | खुज्जी (77) | गीता घासी साहू |
| 19. | मोहला मानपुर (अजजा) (78) | संजीव साहा |
| 20 | कांकेर (अजजा) (81) | आशाराम नेताम |
| 21. | बस्तर (अजजा) (85) | मनिराम कश्यप |

### 21 सीटों पर जातिगत फैक्टर

बीजेपी ने जो 21 सीट पर अपने प्रत्याशियों का ऐलान किया है। उसमें जातिगत समीकरण का विशेष ख्याल रखा गया है। इसी के आधार पर टिकट दिया है। एससी, एससी और ओबीसी सीट का ध्यान रखकर टिकट दिया गया है। 21 सीटों में 9 सीटें अजा/अजजा के लिए रिजर्व है। 10 सीटों पर ST और 1 सीट पर SC, एक सामान्य सीट पर आदिवासी चेहरे को मौका दिया गया है। जिन 21 सीटों पर भाजपा दिकट दिए हैं। वहां अधिकांश पर कांग्रेस का गढ़ रहा है। कई ऐसी सीटें हैं, जहां बीजेपी कम ही जीत पाई है। बीजेपी ने पिछली बार इन सीटों जिन्हें मौका दिया था, लगभग सभी जगहों पर बदल दिया गया है।

बीजेपी की पहली लिस्ट जारी होने पर सीएम भूपेश ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि लिस्ट में कुछ खास नहीं है। वहीं प्रत्याशी बनाए पर सांसद विजय बघेल ने कहा कि उनका सौभाग्य है कि बीजेपी ने उन्हें पाटन से मौका दिया है। जनता के आशीर्वाद से भूपेश को पटखनी देंगे। हालांकि कौन, किसको मात देगा ये तो आने वाला समय ही बताएगा।

### कमजोर सीटों पर फोकस

सूत्रों के अनुसार, बीजेपी जिन सीटों पर कमजोर है, वहां पर अपने प्रत्याशियों का ऐलान किया है। वहीं, इस बार जाति समीकरण को भी प्राथमिकता देकर लिस्ट जारी की गई है। पिछली बार के मुकाबले इस बार पहली सूची जल्दी जारी की गई है। ऐसे में भरपूर समय मिलने से पार्टी को चुनाव के पक्ष में माहौल बनाने का समय मिल गया है।

### उम्मीदवारों को चुनावी तैयारियों में जुटने के निर्देश

उम्मीदवारों को चुनावी तैयारियों में जुट जाने के लिए निर्देशित किया गया है। वहीं आयकर, पारिवारिक संपत्ति विवरण, अपराधिक केस की जानकारी, शैक्षणिक योग्यता, प्रमाण पत्र आदि एकत्र करने के लिए कहा गया है। जिससे दस्तावेज पुख्ता रहे और नामांकन पत्र रद्द करने की नौबत न आए।

# सितंबर के पहले हफ्ते में कांग्रेस जारी करेगी उम्मीदवारों की सूची

## कांग्रेस महासचिव वेणुगोपाल ने ली बैठक, राहुल गांधी का रायपुर दौरा भी हुआ तय




**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में शनिवार को होने वाले कांग्रेस की दो बड़ी बैठक पूरी हो चुकी है। अभा कांग्रेस कमेटी के महासचिव केसी वेणुगोपाल राजीव भवन में कांग्रेस की दो बड़ी बैठकें ली। कांग्रेस की पॉलिटिकल अफेयर कमेटी की बैठक व लोकसभा के पर्यवेक्षकों से चुनावी तैयारी की रिपोर्ट पर बैठक आयोजित की गई। वहीं कांग्रेस की बैठक में राहुल गांधी का दौरा भी तय हो गया है। 2 सितंबर को राहुल गांधी रायपुर दौरे पर आएंगे। सितंबर के पहले हफ्ते में कांग्रेस अपने उम्मीदवारों की सूची जारी करेगी। 4 सितंबर तक पैनल सूची सेंट्रस इलेक्शन कमेटी को भेजा जाएगा। कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव संगठन केसी वेणुगोपाल, पालिटिकल अफेयर कमेटी की अध्यक्ष कुमारी सैलजा, स्क्रीनिंग कमेटी के अध्यक्ष अजय माकन, मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज की मौजूदगी में हुई बैठक में चुनावी तैयारियों पर मंथन किया गया।

करीब साढ़े तीन घंटे चली बैठक में उम्मीदवार चयन की प्रक्रिया पर भी चर्चा हुई। बैठक के बाद मीडिया से चर्चा में केसी वेणुगोपाल ने कहा कि हमारा एक ही लक्ष्य है 75 सीट। छत्तीसगढ़ में हमारे इस टारगेट को लेकर हमने चिंतन किया, प्लान किया, हम जीतेंगे। प्रदेश प्रभारी कुमारी सैलजा ने भी कहा कि हर रिपोर्ट में हमें 75 प्लस सीटें मिल रही है। भले ही रिपोर्ट विपक्ष की हो और वह छिपा रहे हों। सैलजा ने बताया कि दो सितंबर को राहुल गांधी तो आठ सितंबर को राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे का दौरा है। टिकट वितरण को लेकर सैलजा ने कहा कि ब्लाक स्तर पर दावेदारों का आवेदन लिया जा रहा है। 31 अगस्त तक जिला कांग्रेस कमेटी नामों का पैनल पीसीसी को देगी। तीन सितंबर को प्रदेश चुनाव समिति की बैठक होगी। चार सितंबर को स्क्रीनिंग कमेटी की मीटिंग होगी, यहां से रिकमेंडेशन सेंट्रल इलेक्शन कमेटी को भेज देंगे। सितंबर के पहले सप्ताह में पहली लिस्ट जारी की जाएगी।

### सात समितियों से कांग्रेस साधेगी सत्ता

इससे पहले छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुटी कांग्रेस ने एक साथ सभी चुनावी कमेटियों की घोषणा की। कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव संगठन केसी वेणुगोपाल ने शुक्रवार को चार कमेटियों की घोषणा की। इससे पहले प्रदेश प्रभारी कुमारी सैलजा की अध्यक्षता वाली पालिटिकल अफेयर कमेटी की घोषणा गुरुवार देर रात की हुई थी। इससे पहले प्रदेश चुनाव समिति का अध्यक्ष दीपक बैज और स्क्रीनिंग कमेटी का अध्यक्ष अजय माकन को बनाया गया था। कांग्रेस सात चुनावी कमेटियों की घोषणा के साथ ही सत्ता को साधने के मोर्चे पर उतर गई है। कांग्रेस की चुनावी समितियों में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं को जगह मिली है। जातिगत और क्षेत्रीय समीकरण को देखते हुए अलग-अलग कमेटियों के अध्यक्ष और सदस्य बनाए गए हैं। भाजपा उम्मीदवारों की पहली सूची आने के अगले दिन कांग्रेस ने सभी चुनावी कमेटियों की घोषणा करके चुनाव अभियान का आगाज कर दिया है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक- गुलाब दास दीवान, द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. (छ.ग.) भवन, प्रेस काम्पलेक्स रजबंधा मैदान रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं ग्राम-पोस्ट-पवनी, तहसील-बिलाईगढ़, जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.), 493338 से प्रकाशित। RNI NO. CHHHIN/2022/83778 सम्पादक- गुलाब दास दीवान, मो. 9294743139